नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 218 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 13 जून 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर कांग्रेस सरकार ने हर छत्तीगढ़िया की कर्जदार बनाया- उमेश अग्रवाल



पेज -8 पर भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार आदिवासियों के गौरवशाली ...

## मुख्यमंत्री ने 'जल मितान-युवा उद्यमी' उद्यमिता कौशल विकास परियोजना का किया शुभारंभ

प्रदेश में 58 हजार युवाओं को जल मितान-युवा उद्यमी का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य





**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में पेयजल योजनाओं के संचालन और स्थायी रख-रखाव के लिए अपने तरह के पहले और अनूठे कार्यक्रम 'जल मितान-युवा उद्यमी' उद्यमिता कौशल विकास परियोजना का शुभारंभ किया। जिसके तहत ग्रामीण अंचलों में कुशल जल मितानों की उपलब्धता हेतु जल जीवन मिशन और यूनिसेफ की सहभागिता से प्रारंभ किए गए। इस कार्यक्रम के ग्रामीण युवाओं को जल गुणवत्ता परीक्षण सर्विसेज, नल-पाइप फिटिंग रिपेयरिंग, आरो फिटिंग-रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिकल फिटिंग-रिपेयरिंग, सोलर पैनल फिटिंग-रिपेयरिंग, पम्प आपरेटर सर्विस आदि ट्रेडों में 21 दिन का आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश में 58 हजार ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री श्री बघेल और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री गुरू रूद्र कुमार ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में प्रतीक स्वरूप प्रशिक्षण प्राप्त 90 जल मितान एवं युवा उद्यमियों को निःशुल्क टूल किट प्रदान किए। 15 हजार रूपए की कीमत के टूल किट में युवाओं को सुरक्षा जूता, हेलमेट तथा उपकरण आदि दिए गए हैं। राज्य के 540 युवाओं तथा 90 युवा उद्यमियों को 21 दिनों की उच्च स्तरीय आवासीय ट्रेनिंग दी गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री गुरु रूद्रकुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, जल जीवन मिशन छत्तीसगढ़ के मिशन निदेशक श्री आलोक कटियार, यूनिसेफ की वाश विशेषज्ञ सुश्री श्वेता पटनायक भी कार्यक्रम में उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजनाओं के संचालन और संधारण के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



### एक नजर

## IAS जनकराम पाठक बनाए गए आबकारी आयुक्त

राज्य सरकार ने जारी किए आदेश,ललितादित्य नीलम तमिलनाडू के लिए रिलीव



**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी। इसके तहत 2007 बैच के आईएएस जनकराम पाठक को आबकारी आयुक्त बनाया गया है। उनके पास आबकारी सचिव का भी चार्ज रहेगा। इसके साथ वे आवास और पर्यावरण विभाग के सचिव भी बने रहेंगे।इससे पहले जारी की गई 23 आईएएस अधिकारियों की लिस्ट में आबकारी आयुक्त का उल्लेख नहीं था। जीएडी ने आबकारी सचिव का प्रभार विशेष सचिव जनकराम पाठक को दिया था लेकिन आबकारी आयुक्त रह गया था। इसके अलावा राज्य सरकार ने आज 2019 बैच के आईएएस ललितादित्य नीलम तमिलनाडू के लिए रिलीव कर दिया है। भारत सरकार ने उनका कैडर छत्तीसगढ़ से तमिलनाडू में मर्ज कर दिया है।

प्रथम खेलो इंडिया जनजाति खेल राष्ट्रीय प्रतियोगिता

## छत्तीसगढ़ फुटबाल विमेंस टीम ने जीता गोल्ड

मुख्यमंत्री और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ने दी बधाई और शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ने दी बधाई और शुभकामनाएंओडिशा के भुवनेश्वर में प्रथम खेलो इंडिया जनजाति खेल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की विमेंस फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया।



**झारखंड की टीम को ट्रायब्रेकर में 2-0 से हराया**

छत्तीसगढ़ और झारखंड के विमेंस फुटबाल टीम के बीच आज फाइनल मैच खेला गया। इसमें छत्तीसगढ़ की टीम ने झारखंड को ट्रायब्रेकर में 2-0 से हराकर गोल्ड मैडल अपने नाम कर लिया। शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल जीतने पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं खेल मंत्री श्री उमेश पटेल ने खिलाड़ियों को बधाई दी है। भुवनेश्वर में आयोजित छत्तीसगढ़ और झारखंड के बीच हुए फाइनल मुकाबले में दोनों टीम ने मैदान में अपना पूरा दमखम दिखाया, लेकिन निर्धारित समय में दोनों ही टीमों ने कोई गोल नहीं कर सकीं और मैच का परिणाम ट्रायब्रेकर से निकला। ट्रायब्रेकर में दोनों टीमों को पांच पांच गोल दागने का मौका दिया गया। मैच में बालिका फुटबॉल अकादमी रायपुर में अभ्यासरत खिलाड़ी किरण पिस्दा ने ट्रायब्रेकर में गोलकीपर की जिम्मेदारी निभाते हुए विरोधी टीम को गोल करने का एक भी मौका नहीं दिया। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ टीम से ट्रायब्रेकर में स्वयं किरण पिस्दा और बस्तर की मुस्कान ने 1-1 गोल कर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। इसके पहले छत्तीसगढ़ की विमेंस फुटबाल टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 11 जून को खेले गए विमेन फुटबॉल सेमीफाइनल में त्रिपुरा को 4-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। इस प्रतियोगिता में बालिका फुटबॉल एकेडमी रायपुर की खिलाड़ी किरण पिस्दा ने तीन गोल किए, जबकि बस्तर की पिंकी कश्यप ने एक गोल किया। खेल सचिव श्री नीलम नामदेव एक्का, खेल संचालक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा एवं अधिकारियों और खेलप्रमियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## हड़ताल पर ब्रेक,काम पर लौटेंगे पटवारी

मंत्रालय में राजस्व सचिव के साथ हुई अहम बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पटवारी हड़ताल पर हैं। इसी पर चर्चा के लिए राजस्व सचिव के साथ पटवारियों की बैठक चल रही थी जो कुछ देर पहले ही खत्म हो गई है। पटवारियों के साथ राजस्व सचिव ने मंत्रालय में करीब 1 घंटे तक चर्चा की। पटवारी संघ के पदाधिकारी ने बताया सभी 8 मांगों पर सकारात्मक चर्चा हुई।



कुछ मांगों पर सहमति हुई तो वहीं कुछ पर असहमति जताई गई। उन्होंने आगे कहा कल पटवारी संघ की कार्यकारिणी बैठक होगी। जिसमें सभी पदाधिकारियों से चर्चा की जाएगी। उसके बाद ही आंदोलन का रुख तय होगा। पटवारियों का रुख देखते हुए यह कहा जा रहा हैं कि आंदोलन पर फिलहाल ब्रेक लग जाएगा। गौरतलब है कि बीते कई दिनों से छत्तीसगढ़ पटवारी संघ प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना दे रहे है। जिसकी वजह से आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग आय और जाति प्रमाण के लिए भटक रहे है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए सामान्य प्रशासन द्वारा जारी आदेशानुसार जाति प्रमाण पत्र के लिए वांछित भू-अभिलेख, मिसल, अभिलेख, जनगणना अभिलेख, दाखिल खारिज रजिस्टर, जमाबंदी एवं खसरे की नकल जिसमें आवेदक एवं उसके परिवार के किसी सदस्य की जाति अंकित होती है, उसी आधार पर जिला अभिलेखागार एवं विभागीय आनलाइन पोर्टल के आधार पर कार्य आगे बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया है। वहीँ आज कुछ जिलों में प्रशासन ने हड़ताली पटवारियों पर सख्ती भी शुरू कर दी हैं। इसको लेकर संगठन के पदाधिकारी भी बीच का रास्ता निकालने की जुगत में हैं।

## नक्सलियों ने बैनर लगाकर सरपंच व उपसरपंच के हाथ-पैर काटने की दी धमकी



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने बैनर लगाकर एक गांव के सरपंच व उपसरपंच का हाथ पैर काटने की धमकी दी है। बैनर लगाकर नक्सलियों ने कहा कि सरपंच और उप सरपंच माइंस और डेम निर्माण के लिए ये लोग सहयोग कर रहे हैं। इसलिए इन्हें जन अदालत खड़ा किया जाएगा। पुलिस ने यहां जगह जगह लगे बैनर पोस्टर बरामद कर जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने ग्राम गायतापरा में यह बैनर-पोस्टर लगाए हैं। बैनर-पोस्टर के माध्यम से नक्सलियों ने बेसमेटा गांव के सरपंच और उपसरपंच को धमकी देते हुए लिखा है कि यह दोनों माइंस का समर्थन कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ में होने वाले जी-20 सम्मेलन की तैयारी शुरू

पुलिस अधिकारियों की हुई बैठक



**रायपुर।** राजधानी में होने वाले G-20 सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन की बड़ी बैठक हुई. अधिकारियों को त-20 सम्मेलन को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इसके साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारी सौंपी जाएगी. G20 सम्मेलन का आयोजन 18 से 20 सितंबर को रायपुर में होगा। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि त-20 की एक महत्वपूर्ण बैठक सितंबर महीने में रायपुर में होगी, जिसमें त-20 के सभी मेंबर कंट्रीज के डेलिगेट्स और ऑर्गेनाइजेशन शामिल होंगे. 18 से 20 सितंबर तक बैठक होगी. बड़े फोरम की बैठक के लिहाज से पुलिस ऑफिसर को ट्रेनिंग हो रही है, जिनकी ड्यूटी लगाई जाएगी।

## ननकी राम कवंर लेंगे सन्यास !

पूर्व गृहमंत्री के बयान से सियासी गलियारे में खलबली

जशपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री और विधायक ननकी राम कंवर ने पत्थलगांव में बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि इस बार छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार नहीं बनने पर वे राजनीति से सन्यास ले लेंगे।



दरअसल, 3 दिवसीय दौरे पर पत्थलगांव पहुंचे ननकी राम कंवर ने विश्राम गृह में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि उनकी लम्बी राजनीतिक पारी में ऐसा पहले कभी भ्रष्टाचार नहीं देखा है। ननकी राम कंवर ने कांग्रेस की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आदिवासी सहित हर वर्ग के लोग सरकार के कामकाज से काफी परेशान हैं. ऐसे हालात में लोग आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा से उम्मीद जता रहे हैं. इस बार यदि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार नहीं बन पाई तो वे राजनीति से सन्यास ले लेंगे। ननकी राम कंवर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उनकी शिकायत पर ही कोल माफिया के विरुद्ध ही केंद्र सरकार ने कड़ा रूख अख्तियार किया गया है. इस कार्रवाई से सरकार के नौकरशाह का भी चेहरा बेनकाब हो गया है।

महिला नक्सली ढेर

## जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, माओवादी से शव सहित हथियार बरामद



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है. यहां छोटे बेठिया थानाक्षेत्र के जंगलों में जवानों और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुआ है. इस मुठभेड़ में जवानों ने एक महिला नक्सली को मार गिराया है. यह कार्रवाई डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम द्वारा की गई है. इस मुठभेड़ की पुष्टि बस्तर आईजी पी सुंददराज ने की है. बता दें कि 5 दिन पूर्व इसी इलाके में नक्सलियों ने वाहनो में आगजनी की थी। जानकारी के अनुसार, छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में आरकेबी डिवीजन सचिव, मेंढकी एलओएस कमाण्डर के साथ करीब 20-25 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना जवानों को मिली थी। जिसपर कांकेर कांकेर डीआरजी और बीएसएफ 132 बटालियन की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान के लिए कोटरी नदी के पूर्वी क्षेत्र के ग्राम आमातोला, बिनागुण्डा और कालपर की ओर गश्त सर्चिंग के लिए रवाना हुई.

कार्रवाई... *मां का अंतिम संस्कार करने पहुंचे थे, बाहर निकलते ही ED ने किया गिरफ्तार*

## शराब कारोबारी अरविंद सिंह श्मशान घाट से अरेस्ट

भिलाई। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में सोमवार सुबह ईडी की टीम पहुंची। टीम सीधे भिलाई के रामनगर मुक्तिधाम से ही शराब कारोबारी अरविंद सिंह को हिरासत में ले गई। कारोबारी अपनी मां के अंतिम संस्कार करने पहुंचे थे।ईडी की इस कार्रवाई को असंवेदनशील बताया जा रहा है।



जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में कथित रूप से हुए 2 हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाले के मामले में ईडी को काफी दिनों से अरविंद सिंह की तलाश थी। पिछली बार भी ईडी ने उसे पकड़ने के लिए कई ठिकानों पर रेड मारी थी, लेकिन वो फरार था। इसी दौरान अरविंद सिंह की मां का अचानक निधन हो गया।

सोमवार सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार होना था। अरविंद सिंह भी वहां पहुंचा था। बताया जा रहा है कि जैसे ही अरविंद सिंह अपनी मां को मुखाग्नि देकर निकले ईडी ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इस दौरान वहां दुर्ग भिलाई के कई बड़े प्रतिष्ठित लोग भी मौजूद थे। उन्होंने ईडी की टीम को अंतिम संस्कार करने तक का समय दिया। इसकी वजह से ईडी के अधिकारियों ने अपनी निगरानी में उनका अंतिम संस्कार होने दिया और उसके तुरंत बाद उन्हें हिरासत में लेकर रायपुर ले गई।

### सूर्यकांत तिवारी की पूछताछ में मिले थे अहम क्लू

बताया जा राह है कि इस मामले में ईडी ने कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को गिरफ्तार किया था। उससे हुई पूछताछ में उन्हें कई अहम क्लू मिले थे। इसी के बाद ईडी ने भिलाई के शराब कारोबारी पप्पू ढिल्लन को भी हिरासत में लिया था। अरविंद सिंह को भी ईडी ने अपने रडार पर लिया, लेकिन वो फरार हो गया था। दुर्ग पुलिस ने अरविंद सिंह की गिरफ्तारी पुष्टि की है।

### ये है पूरा मामला

*राज्य में हुए 2 हजार करोड़ के शराब घोटाले में ईडी ने रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर को हिरासत में लिया था। उसकी पूछताछ के बाद ईडी ने प्रेस रिलीज जारी कर दावा किया था कि छत्तीसगढ़ में 2019 से 2022 के बीच शराब घोटाले के जरिए 2 हजार करोड़ का भ्रष्टाचार किया गया है। इसका मास्टरमाइंड अनवर ढेबर है, जिसने पूरा सिंडिकेट तैयार कर लिया था। उसने मार्कफेड औप आबकारी के बड़े अफसरों की मिलीभगत से डिस्टलरों, शराब निर्माताओं, बॉटल और होलोग्राम तैयार करने वाली एजेंसियों से साठगांठ की थी। इसी के आधार पर ईडी ने इस मामले से जुड़े कई अन्य लोगों को भी एक-एक कर गिरफ्तार किया।*

## महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू से अमित जोगी ने की राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में मुलाकात

रायपुर। छत्तीसगढ़, दिनांक 12 जून 2023। छत्तीसगढ़ की एक मात्र क्षेत्रीय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे आज के लिए आज का दिन खास रहा।



महामहिम राष्टपति के साथ छत्तीसगढ़ के जनहित से जुड़े कई विषयों में अमित जोगी ने किया चर्चा

महामहिम राष्टपति द्रौपदी मुर्मू को बस्तर के आदिवासियों का प्रतीक चिन्ह झिटकू - मिटकी किया भेट

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमित जोगी ने आज राष्टपति भवन, नई दिल्ली में देश की राष्टपति महामहिम श्रीमति द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात की और इस दौरान महामहिम राष्टपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू से श्री अमित जोगी ने छत्तीसगढ़ के जनहित से जुड़े कई विषयों चर्चा हुई।


इस विशेष अवसर पर महामहिम राष्टपति जी को श्री जोगी ने छत्तीसगढ़वासियों की ओर से बस्तर के आदिवासियों का प्रतीक चिन्ह झिटकु - मिटकी भेंट किया।

# महंगाई पर अंकुश के संकेतों के बीच रिजर्व बैंक ने जताई उम्मीद, मौद्रिक नीति में उदारता की शुरुआत

*रिजर्व बैंक की ताजा मौद्रिक नीति समीक्षा के निर्णयों का अर्थ जगत में स्वागत क्यों हो रहा है? पहली नजर में देखें, तो गवर्नर शक्तिकांत दास ने महंगी ईएमआई चुका रहे करोड़ों परिवारों में से किसी के आंसू तक नहीं पोंछे। न ही उन्होंने निवेशकों को खुश करने वाला कोई बड़ा एलान किया। सप्ताहांत में सेंसेक्स-निफ्टी की गिरावट से साबित भी हो गया कि बाजार मायूस है। फिर भी ऐसा क्यों है कि आर्थिक पर्यवेक्षक राहत की सांस ले रहे हैं?*

दरअसल कर्जदारों को आज इस बात का दुख नहीं है कि ईएमआई नहीं घटी। उन्हें इस बात की खुशी है कि फिर से नहीं बढ़ी। पिछली कई समीक्षा बैठकों में एक के बाद एक छह बार ब्याज दरें बढ़ाई गई थीं। देखते-देखते वित्त तंत्र की आधार ब्याज दरों में ढाई फीसदी का इजाफा हो गया था। हर बार खुदरा महंगाई के डरावने आंकड़े जारी होते रहते थे और ब्याज दरें बढ़ जाती थीं।

विगत अप्रैल में हुई समीक्षा बैठक में इस क्रम को तोड़ते हुए ब्याज दरें जस की तस रखने का निर्णय हुआ, तो लोगों को लगा था कि महंगाई में संयोग से एक अस्थायी गिरावट आ गई है। पर अब आठ जून की दूसरी बैठक में भी जब महंगाई के आंकड़े नियंत्रित मिले और फिर ब्याज दरों को बख्श दिया गया, तो लोगों ने राहत की सांस ली। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने यह उम्मीद बंधा दी है कि सब कुछ ठीक रहा, तो दिवाली के आसपास ईएमआई में पहली कटौती का तोहफा लोगों को मिल सकता है। सामान्य मानसून और यूक्रेन-रूस में उलझे अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में बड़ी उठा-पटक न होने जैसी शर्तें लगाकर उन्होंने कहा है कि एक छमाही के बाद देश में महंगाई और काबू में होगी, जिससे ब्याज दरों में कटौती का सिलसिला आरंभ हो सकता है। पहले कोविड के दंश और फिर महंगाई जनित सख्त मुद्रा नीति को झेलते आ रहे उद्योग जगत को ऐसे मीठे दिलासों का ही तो इंतजार था। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक समीक्षा को केवल ईएमआई के लेंस से परखना अलबत्ता तंग नजरिये की मिसाल होगा। मौद्रिक नीति समिति इससे भी कहीं बड़े दायित्व निभाती है। विराट भारतीय वित्त तंत्र की महासागरीय जलधाराओं को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों के साथ-साथ



महंगाई पर अंकुश के संकेत मिलते ही केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति को उदार बनाने की शुरुआत कर दी है। ब्याज दरों में नई वृद्धि न होने से यह उम्मीद बंधी है कि एक छमाही के बाद मकान और वाहन के कर्ज की ईएमआई में कटौती के हालात बन जाएंगे।

दूसरे कई नीति-निर्णयों की जरूरत होती है। फुटकर कर्जों के साथ प्रतिभूति बाजार के कर्ज, अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए रुपये की विनिमय दर का प्रबंधन, आभासी वित्त बाजारों की आभासी मुद्राएं, क्रिप्टो की वास्तविक चुनौतियां, सहकारी व व्यावसायिक बैंकों का नियमन, आईएमएफ-विश्व बैंक के साथ विभिन्न मुल्कों के केंद्रीय बैंकों के साथ कदमताल-ये सब मुद्रा नीति के ही पहलू हैं। इसलिए डिजिटल कर्ज, रुपे प्रीपेड फॉरेक्स कार्ड और डिजिटल करेंसी को यूपीआई से जोड़ने जैसे बेहद अर्थवान निर्णय मौद्रिक समीक्षा को महत्वपूर्ण बना रहे हैं। एक बात का श्रेय गवर्नर दास को देना ही होगा। महंगाई पर काबू रखने के लिए हर हाल में ब्याज दरों को बुलंद रखने का जो काम पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने केंद्र सरकार से छत्तीस का आंकड़ा बनाते हुए किया था, वही काम उन्होंने सुगमता से बिना कोई बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा किए कर दिखाया। याद रहे, कर्ज सस्ते रखने के लिए और विकास दर को फुलाने के लिए ब्याज दरों को कम रखने का आग्रह चुनाव जीतने की कामना करने वाली सरकारें हमेशा से करती रही हैं। लेकिन ब्याज दरें घटाकर महंगाई डायन को जगाने का जन विरोधी काम न करने का जवाबी आग्रह करना रिजर्व बैंक के गवर्नरों का ही कर्तव्य होता है। इसीलिए केंद्रीय बैंक को पर्याप्त स्वायत्तता देने की मांग होती रही है। रिजर्व बैंक के अपने अनुभवों से खिन्न रघुराम राजन ने अपनी चर्चित किताब आई डू व्हाट आई डू में गवर्नर के दर्जे की अस्पष्ट स्थिति पर एक जगह लिखा भी है, %यह एक खतरनाक बात है कि हकीकत में गवर्नर एक बहुत ताकतवर ओहदा है, लेकिन कानूनी रूप से उसकी मान्यता बहुत कम है।

आप चाहें, तो इस बात के लिए भी मौजूदा मौद्रिक नीति समिति की सराहना कर सकते हैं कि उसने अगले छह माह में महंगाई की निगरानी को सर्वोच्च वरीयता देने की बात समीक्षा में कही है।

यह एहतियात जरूरी है, क्योंकि हाल में फसलों के बढ़े समर्थन मूल्यों के कारण बाजार में नकदी का नया सैलाब आ सकता है, जिससे महंगाई का खतरा बढ़ सकता है। अनिश्चित मानसून के बीच यह तलवार की धार पर चलने जैसी चुनौती होगी। याद रहे, एक अन्य पूर्व गवर्नर बिमल जालान ने मुद्रास्फीति और विकास दर के द्वंद्व पर एक कीमती बात अपनी किताब इंडिया आफ्टर लिबरलाइजेशन में लिखी है, रिजर्व बैंक जैसे विनियामक संस्थान और उसके तहत विनियमित संस्थान-सबको यह मूल मंत्र याद रखना होगा कि विकास और वित्तीय स्थिरता के लिए शाश्वत निगरानी का मूल्य चुकाना ही पड़ता है। आखिर में बात फील गुड फैक्टर की। इस पर मतभेद निश्चित तौर पर हो सकता है कि जीडीपी विकास के बीच संपदा और रोजगारों का समानतापूर्ण बंटवारा हो रहा है या नहीं। लेकिन इस पर अब विवाद की गुंजाइश नहीं कि विकास हो रहा है।

संजय अभिज्ञान

## संपादकीय

### जात और आरक्षण से भाजपा की मुश्किल

तीन दशक पहले भारत में मंडल बनाम कमंडल की राजनीति शुरू हुई थी। हैरानी की बात है कि अब भी यह उत्तर भारत की राजनीति का कोर तत्व है। धर्म या हिंदुत्व की राजनीति जहां भाजपा की ताकत है वही जाति या आरक्षण की राजनीति उसकी कमजोरी। यह सिर्फ उत्तर भारत की परिघटना नहीं है, बल्कि जहां भी जाति और आरक्षण का मुद्दा राजनीति पर हावी होता है वहां भाजपा को नुकसान होता है। कर्नाटक में हाल में हुए विधानसभा चुनाव की मिसाल से इसे समझा जा सकता है। वहां चुनाव से पहले भाजपा ने आरक्षण की राजनीति में हाथ डाला था। उसने अनुसूचित जाति के आरक्षण के भीतर एक आरक्षण का प्रावधान किया था और चार फीसदी मुस्लिम आरक्षण खत्म करके उसे राज्य की दो सबसे ताकतवर जातियों- वोक्कालिगा और लिंगायत में बांट दिया था। ये दोनों दांव भाजपा पर बहुत भारी पड़े हैं और ऐसा भाजपा के ही नेता कह रहे हैं।

पिछले दिनों कर्नाटक में हार की समीक्षा के लिए प्रदेश भाजपा के नेताओं की एक बड़ी बैठक हुई थी, जिसमें राज्य के प्रभारी अरुण सिंह, राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि, पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा व बसवराज बोम्मई और प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कतील शामिल थे। इसमें जीते हुए सभी 66 विधायकों और हारे हुए प्रतिनिधियों को बुलाया गया था।

# वाहनों और अतिक्रमण की भेंट चढ़ी पैदल यात्रियों की जगह, डराने वाले हैं हादसों के आंकड़े

हमारी सड़कों पर पैदल यात्रियों के लिए जगह नहीं है। पैदल यात्री उपेक्षित और जोखिम भरे सड़कों पर चलने को मजबूर हैं। वाहनों की भीड़-भाड़ के बीच उन्हें अपनी सूझ-बूझ से खतरे उठाते हुए सड़क पार करना पड़ता है। ऐसे में बच्चों और वृद्धों की स्थिति बहुत मुश्किल भरी होती है। महानगरों में हम केवल पैदल पार-पथ पट्टी का रंग-रोगन करके अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लेते हैं। लेकिन उन पर चलने का अधिकार पैदल यात्रियों को मिले, यह सुनिश्चित नहीं करते।

दुनिया भर में पैदल यात्रियों को सड़क पर चलने की बेहतर सुविधाओं के साथ-साथ सड़क पार करने की समुचित प्रक्रिया अपनाई जा रही है। हर जगह पैदल पार-पथ बने हैं। पैदल यात्रियों के लिए ट्रैफिक लाइटें लगी हैं, जिनका शत-प्रतिशत पालन किया जाता है। जहां ट्रैफिक लाइटें नहीं लगी हैं, वहां वाहन चालक पहले पैदल यात्रियों को सड़क पार कराते हैं, फिर अपनी गाड़ी आगे बढ़ाते हैं। हमें इस संस्कृति को अमल में लाने की आवश्यकता है।

पैदल यात्रियों को सड़कों पर होने वाली मुश्किलों पर पहली बार एक समग्र अध्ययन, मई, 2023 में सातवें संयुक्त राष्ट्र वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह (15-21 मई, 2023) के दौरान देखने को मिला, जिसमें जर्मनी की एक इंजीनियरिंग और



पैदल यात्री जोखिम भरी सड़कों पर चलने को मजबूर हैं। प्रतिदिन नब्बे पैदल यात्री कभी घर नहीं पहुंच पाते और 165 अस्पताल पहुंच जाते हैं।

टेक्नोलॉजी कंपनी ने एक शोध-पत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि हिंदुस्तान की सड़कों पर मारे जाने वाले हर दस लोगों में से एक पैदल यात्री होता है। प्रतिदिन नब्बे पैदल यात्री कभी घर नहीं पहुंच पाते हैं और 165 घायल होकर अस्पताल पहुंच जाते हैं।

वर्ष 2021 में दिल्ली में 504, चेन्नई में 297, मुंबई में 174, बंगलूरू में 160, अहमदाबाद में 161, गुरुग्राम में 118, हैदराबाद में 94 और कोलकाता में 78 पैदल यात्रियों की सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु हुई। कार या हल्के वाहनों ने लगभग अस्सी प्रतिशत पैदल यात्रियों की जान लीं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के अनुसार, वर्ष 2021 में कुल 18,900 पैदल यात्री सड़कों पर मारे गए। भीड़-भाड़ वाली सड़कों पर पैदल यात्रियों के सड़क पार करने की समुचित व्यवस्था न होने से ही ज्यादातर लोग मारे जाते हैं।

इससे निपटने के क्या उपाय हो सकते हैं? सड़कों की डिजाइन और निर्माण, विभिन्न विभागों यथा लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका, जल और विद्युत विभाग के बीच तालमेल से किया जाना चाहिए। सड़क डिजाइन और जन सुरक्षा की वैज्ञानिक समझ विकसित करने के लिए इन सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। सड़कों को बार-बार खोदना न पड़े, इसके लिए दोनों ओर जालीदार छत से ढंके, गहरे नाले बनाए जाने चाहिए, जिनमें से हर प्रकार की पाइप लाइनें गुजारी जा सकें और उनकी मरम्मत की जा सके।

सड़कों को इस तरह तैयार किया जाना चाहिए कि उन पर पानी जमा न हो। आवागमन में बाधा डालने वाले हर अवरोध से निदान के बारे में कार्यदायी संस्था का उत्तरदायित्व तय होना चाहिए। फुटपाथ और सड़क निर्माण का काम ठेकेदारों या मजदूरों की मनमर्जी से नहीं, बल्कि जन सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। शहरी क्षेत्रों में सड़क के दोनों ओर बिना फुटपाथ के सड़कों का निर्माण नहीं होना चाहिए।

सुभाष चंद्र कुशवाहा

## मिला जुला

### राजधानी में अंधाधुंध गोलीबारी, 3 लोगों की मौत



अमेरिका में फायरिंग की एक और घटना सामने आई है. अमेरिका के मैरीलैंड शहर की राजधानी के एक घर में रविवार को हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. मैरीलैंड के पुलिस प्रमुख एड जैक्सन ने 'द बाल्टीमोर सन' अखबार को बताया कि कई लोगों को गोली मारी गई, जिनमें से तीन लोगों की मौत हो गई है. रिहायशी इलाके में पुलिस की कई गाड़ियां देखी गईं. पुलिस विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कई लोग घायल हुए हैं और उनमें से एक को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया है. विज्ञप्ति में घटना के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी है. पुलिस ने कहा कि संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है और डरने की कोई बात नहीं है.


### चीनी सेना ने वुहान के वैज्ञानिकों संग मिलकर बनाया कोरोना वायरस?

वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में 2003 में सार्स वायरस की उत्पत्ति का पता लगाने का काम शुरू हुआ। इसके लिए दक्षिणी चीन की बैट गुफाओं से लिए गए कोरोना वायरसों पर जोखिम भरे प्रयोग शुरू हुए। कोरोना वायरस की उत्पत्ति को लेकर नया खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वुहान में चीनी सेना के साथ काम करने वाले वैज्ञानिक एक खतरनाक प्रयोग में लगे हुए थे। ये लोग दुनिया के सबसे घातक कोरोना वायरसों को मिलाकर एक नया म्यूटेंट वायरस बनाना चाहते थे।

# नरेंद्र मोदी के बाद कैसा हो देश का नया प्रधानमंत्री?

## तमिलनाडु में गृहमंत्री अमित शाह ने किया खुलासा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 2024 चुनाव से पहले एक बड़ा दांव खेला है. दक्षिण के राज्यों में लगातार मिल रही हार के बाद अमित शाह ने तामिल पीएम की वकालत कर दी. सूत्रों के मुताबिक दक्षिण चेन्नई में बीजेपी के पदाधिकारियों की बंद कमरे में हुई बैठक में अमित शाह ने कहा, 'हमने तमिलनाडु से संभावित दो प्रधानमंत्रियों कामराज और मूपनार का मौका गंवा दिया. इनके प्रधानमंत्री न बन पाने के लिए डीएमके जिम्मेदार है.



### कोई गरीब तमिल बने पीएम

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि किसी गरीब परिवार के तमिल को भारत का प्रधानमंत्री बनना चाहिए. पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी. अमित शाह, जो 2024 के लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर हैं, चेन्नई में एक बंद कमरे में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे. डीएमके और उसके दिवंगत मुखिया एम. करुणानिधि पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं जैसे के. कामराज और जी.के. मूपनार में प्रधानमंत्री बनने की क्षमता थी, लेकिन करुणानिधि ने उनकी संभावनाओं को विफल कर दिया.

### अमित शाह ने क्यों कहा ऐसा

अमित शाह की ओर से तमिल प्रधानमंत्री की मांग को डीएसके को घेरने के कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिसने कहा है कि वह तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटें और पुडुचेरी की एकमात्र सीट जीतेगी. 'तमिल प्रधानमंत्री' वाली शाह की टिप्पणी को बीजेपी की तमिलनाडु तक पहुंच बनाने के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, जैसा कि तिरुवदुथुराई अधीनम के सेंगोल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद नए संसद भवन के अंदर स्थापित किया था. तमिलनाडु दौरे में तमिल स्वाभिमान की हुंकार भरने के बाद अमित शाह ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में जनसभा कर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला.

# रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच दुनियाभर में बढ़े परमाणु हथियार, चीन ने की सबसे ज्यादा वृद्धि

**पिछले** कुछ समय से चीन के साथ कई देशों का तनाव बढ़ गया है। चीन से सटी भारत की सीमा पर लगातार तनाव देखने को मिल रहा है। इसी बीच एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें भारत, पाकिस्तान और चीन समेत कई देशों के परमाणु हथियारों के जखीरों के बारे में बताया गया है।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन बहुत तेजी से परमाणु हथियार बना रहा है। हालांकि, भारत और पाकिस्तान ने भी पिछले एक साल में परमाणु हथियारों की संख्या को बढ़ाया है।

### 86 नए परमाणु हथियार

एसआईपीआरआई के निदेशक डैन स्मिथ ने कहा कि कई देशों के परमाणु शस्त्रागार पिछले साल बढ़े। इनमें चीन सबसे आगे रहा, जबकि अन्य परमाणु शक्तियों ने भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के साथ-साथ उनका आधुनिकीकरण जारी रखा। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में परमाणु हथियारों की संख्या में आई कमी अब समाप्त होने की कगार पर है एक साल पहले की तुलना में प्रमुख शक्तियों के सैन्य शस्त्रागार में अब 86 अधिक परमाणु हथियार हैं।



### इस साल घटी थी संख्या

सिप्री के अनुसार, नौ परमाणु शक्तियों ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, भारत, इजरायल, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका में परमाणु हथियारों की कुल संख्या 2023 की शुरुआत में घट गई थी। पिछले साल की शुरुआत में हथियारों की संख्या 12,710 थी, जो इस साल की शुरुआत में घटकर 12,512 रह गई। इनमें से करीब 9,576 हथियार सैन्य भंडार में थे, जो एक साल पहले की तुलना में 86 अधिक है।

### चीन ने बढ़ाया अपना बेड़ा

वर्तमान में संख्या 1980 के दशक के दौरान देखी गई 70,000 से अधिक है। इस पर स्मिथ ने कहा कि इस समय भंडार में जितने हथियार है वो प्रयोग करने योग्य हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने अपने हथियारों के बेड़े में सबसे ज्यादा वृद्धि की है।

# चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का असर राजस्थान पर भी, तेज बारिश और हवाएं मचा सकती हैं तबाही

**राजस्थान** में गर्मी का सितम लगातार जारी है. हालांकि अब आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश के दौर की भी शुरुआत होने लगी है. बीते दिन प्रदेश के श्रीगंगानगर में जोरदार बारिश हुई और आगे के दिनों के लिए कई इलाकों में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है. इतना ही नहीं, आईएमडी ने आशंका जताई है कि गुजरात से उठने वाले बिपरजॉय चक्रवाती तूफान का असर राजस्थान में भी पड़ेगा. मौसम विभाग का कहना है कि बिपरजॉय अब उत्तर दिशा की तरफ बढ़ रहा है.

माना जा रहा है कि 16 जून तक बिपरजॉय साइक्लोन पाकिस्तान के तट तक पहुंचेगा और इसकी वजह से 14-15 जून को पश्चिमी भागों में बारिश, तेज आंधी और तूफान भी देखने को मिल सकता है.

### तूफान का असर, कई इलाकों में आ सकती तबाही

मौसम विभाग द्वारा दी जा रही जानकारी के अनुसार, जयपुर और उदयपुर में बादल गरजेंगे और तेज बारिश की भी संभावनाएं बन रही हैं. 16-17 जून को बादल-बारिश का ये सिलसिला और तेज हो जाएगा. इससे लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ सकता है. आशंका है कि यह मौसम कुछ तबाही भी लाने वाला है और इससे आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो सकता है. माना जा रहा है कि चक्राती तूफान बिपरजॉय का असर राजस्थान के कई इलाकों में तबाही मचा सकता है. इसलिए मौसम विभाग की तरफ से पहले ही तूफानी बारिश की चेतावनी दे दी गई है.

# जय बजरंगबली, गदा लेकर कांग्रेस मध्यप्रदेश में चुनाव लड़ने चली; हिंदुत्व पर बीजेपी की काट?

**मध्यप्रदेश** विधानसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने को कांग्रेस भी अब धर्म की राह पर चल पड़ी है। भाजपा के हिन्दुत्व की काट तलाशने को कांग्रेस न केवल बजरंगबली का नाम जप रही है बल्कि अब उनकी गदा का भी सहारा ले रही है। जबलपुर में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के स्वागत में लगे पोस्टरों के साथ शहर में कई जगहों पर बजरंग बली की 'गदा' शहर की शोभा बढ़ा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को जबलपुर में ग्वारीघाट नर्मदा नदी की पूजा-अर्चना के साथ कांग्रेस के प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी है। इसके बाद वह एक रैली को संबोधित करेंगी। पार्टी के एक नेता ने बताया कि जबलपुर राज्य के महाकोशल क्षेत्र का केन्द्र है और यहां आदिवासी मतदाताओं संख्या बहुत ज्यादा है।



### रैली में दो लाख लोगों के शामिल होने की संभावना

जबलपुर के मेयर और कांग्रेस के शहर प्रमुख जगत बहादुर सिंह ने रविवार को कहा था कि प्रियंका जी शनिवार को सुबह करीब 11.15 बजे शहीद स्मारक में एक जनसभा को संबोधित कर पार्टी के चुनाव अभियान और संकल्प 2023 की शुरुआत करेंगी। वह सुबह करीब 10.30 बजे जबलपुर पहुंचेंगी और नर्मदा नदी की पूजा करने के लिए ग्वारीघाट जाएंगी। उन्होंने कहा कि रैली स्थल के रास्ते में प्रियंका मुगलों से लड़के हुए शहीद हुई रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी।

# हड़ताली पटवारियों को वापस बुलाने एडीएम ने ली बैठक

## राज्य शासन ने एस्मा एक्ट लगाया इससे आपको ही नुकसान

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा पटवारियों को वापस कार्य पर बुलाने बावत् पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का बैठक ली गयी। बैठक में निर्देषित किया गया किए राज्य शासन के द्वारा एस्मा एक्ट लगाया गया है। इससे आपको ही नुकसान होगा। विदित हो कि राजस्व विभाग के पटवारियों द्वारा 15 मई 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने के कारण शिक्षा सत्र चालू होने से एवं रिक्त पदों की भर्ती प्रकियाधीन होने से विद्यार्थियों को जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है, तथा कृषि कार्य के प्रारंभ होने के पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि सींमाकन, बटवारा, नामांतरण की कार्यवाही व अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ हेतु किये जाने वाले आवश्यक महत्पूर्ण कार्य, पटवारी प्रतिवेदन के अभाव में राजस्व न्यायालयों के कार्य भी प्रभावित होने से अत्यावश्यक सेवा में कार्य करने से इंकार किये जाने को प्रतिषेधित किया गया है। छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम, 1979 ;क 10 सन 1979, की धारा की उप.धारा ;1, एवं ;2, द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद्द, द्वारा अनुसूची के.क खंड सात, विभागाध्यक्ष तथा उनके अधीन कार्यालयों की सेवाओं में विनिर्दिष्ट अत्यावश्यक सेवा में राजस्व विभाग के पटवारियों द्वारा कार्य करने से इंकार किये जाने का प्रतिषेध करती है, जो आदेश जारी होने के दिनांक से आगामी 03 माह के लिए प्रभावी होगा। उक्त संबंध में एडीएम नरेन्द्र पैंकरा ने बैठक में उपस्थित पटवारियों को हड़ताल समाप्त कर कार्य में लौटने की समझाईश दी।

# घर के बाड़ी में भारी मात्रा में गांजा पौधा मिलने पर एक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने जिले में नशीले पदार्थ के क्रय-विक्रय पर अंकुश लगाने एवं अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने को लेकर पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है। निर्देश के पालन में थाना-चौकी प्रभारियों ने क्षेत्र में मजबूत सूचना तंत्र बिछा रखा है। बीते दिन थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बिशुनपुर ऊपरपारा निवासी बहादूर राजवाड़े अपने घर के बगल खेत में बांस पेड़ एवं लिप्टस पेड़ के पास काफी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा का खेती किया है जिसकी सूचना से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराए जाने पर उन्होंने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। थाना सूरजपुर की पुलिस ने मुखबीर सूचना की तस्दीकी व कार्यवाही हेतु मौके पर पहुंची जहां बहादूर राजवाड़े पिता बाबूलाल राजवाड़े उम्र 50 वर्ष को तलब कर उसके कृषि भूमि से 227 नग गांजा का पौधा कीमत करीब 30 हजार रूपये का पाए जाने पर उसे जप्त कर धारा 20;ए, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एएसआई संजय सिंह, हीरालाल साहू,प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालिब शेख, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे व हरिशंकर सिंह सक्रिय रहे।

# जिला अस्पताल में हो रहा कैंसर का नि :शुल्क इलाज

## जनवरी से मई तक किया गया 129 मरीजों का किया कीमोथेरेपी


जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



**क्षेत्रवासी कैंसर रोग के इलाज के लिए जाते थे रांची, रायपुर, अब हो रहा विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जिले में उपचार**

*** कीमोथेरेपी में उपयोग होने वाले सभी दवाइयां, कैंसर की जांच एवं ऑपरेशन निःशुल्क**

जिला चिकित्सालय जशपुर में कैंसर के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दिलाने स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंसर के मरीजों का ऑपरेशन, बायोप्सी, टुकड़ा जांच कीमोथेरेपी किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनवरी से मई तक 129 मरीजों का सर्जन डॉ.भूपेश भगत, कीमोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मीकांत आपट के द्वारा जांच कर सफ ल उपचार किया गया। कीमोथेरेपी स्ट डॉ.लक्ष्मीकांत आपट ने बताया कि क्षेत्र के लोग पहले कैंसर के इलाज हेतु रांची एवं रायपुर जाते थे। लेकिन अब जिला अस्पताल में ही कीमोथेरेपी सेंटर खुल गया है। कीमोथेरेपी सेंटर खुलने से जांच और इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कैंसर के इलाज के लिए पड़ोसी जिला एवं पड़ोसी राज्य झारखंड से भी लोग इलाज कराने आते हैं। डॉ लक्ष्मीकांत आपट ने बताया कि कीमोथेरेपी में उपयोग होने वाले सभी दवाइयों का वितरण नि:शुल्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कीमोथेरेपी सेंटर में स्तन कैंसर, मुंह कैंसर, जीभा कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, प्रोस्टेट, पेट का कैंसर, मलद्वार के कैंसर का जांच कर इलाज किया जा रहा है। गौरतलब है कि जिला अस्पताल जशपुर में ही कीमोथेरेपी सेंटर खुलने से अन्य राज्य एवं रायपुर जाने से निजात मिल गया है। इससे मरीजों के समय एवं पैसों की बचत हो रहा है। कैंसर का इलाज बहुत ही महंगा है। जिला अस्पताल में प्रारंभ होने से कैंसर का नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है। कीमोथेरेपी स्ट डॉक्टर लक्ष्मीकांत ने अधिक से अधिक लाभ लेने आग्रह किया है। बन बिहारी ओहदार 62 वर्ष निवासी पुलिस लाइन जशपुर को सीएमएल,ब्लड कैंसर, 2019 से है पहले सीएमसी बेलूर से इलाज ले रहे थे अब पर इनका इलाज जिला चिकित्सालय जशपुर स्थित केमोथेरपी सेंटर में नि:शुल्क हो रहा है और अभी वो ठीक हैं। इस तरह जॉर्ज तिर्की 46 वर्ष निवासी दारूपीसा दोकड़ा कुनकुरी, जिसे जीभ का कैंसर है, सितंबर 2022 को पता चला ऑपरेशन रायपुर से कराया। फिर से बीमारी आ गया तो अब जिला अस्पताल जशपुर में आगे का उपचार करा रहा है ।



# सहकारी समितियों के माध्यम से राजीव गांधी किसान न्याय योजना तथा गोधन न्याय की राशि का भुगतान किसानों के खाते में नियमित रूप से अंतरण किया जा रहा - बैजनाथ चन्द्राकर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



**अपेक्स बैंक अध्यक्ष ने किया जशपुर अपेक्स बैंक शाखा भवन का भूमिपूजन**

अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर के मुख्य आतिथ्य तथा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ श्री रविन्द्र सिंह भाटिया के विशिष्ट आतिथ्य में जशपुर अपेक्स बैंक शाखा भवन का भूमिपूजन किया गया।

छत्तीसगढ़ शासन केअपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार का सहकारी समितियों तथा सहकारी बैंकों पर बहुत भरोसा है। राज्य सरकार ने वादा निभाते हुए किसानों का कृषि ऋण माफ किये। किसानों से 2500 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदी किये। वर्ष 2022-23 में रिकार्ड मात्रा 107 लाख मेट्रिक टन धान खरीदी किया गया। किसानों, गौपालकों, भूमिहीन खेतीहर मजदूरों, आदिवासियों के साथ न्याय हो सके इसके लिए राजीव गांधी न्याय योजना लागू किया गया। छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहली बार भूपेश सरकार द्वारा समितियो का पुनर्गठन कर 725 नवीन समितियां बनाई गई। जिसके लिए गोदाम सह कार्यालय निर्माण के लिए राशि स्वीकृति की गई। इन समितियों के नव नियुक्त अध्यक्षगणो को अपेक्स बैक के प्रशिक्षण संस्थान द्वारा लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सहकारी समितियों के माध्यम से राजीव गांधी किसान न्याय योजना तथा गोधन न्याय की राशि का भुगतान किसानों के खाते में नियमित रूप से अंतरण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार की धान उपार्जन की नीतियो के बेहतर व प्रभावी क्रियान्वयन से समितियां में इस साल जीरो शार्टेज में आई। न्याय योजना के तहत किसानों को खरीफ फसल के लिए राशि रुपये 9000 कृषि अनुदान सहायता दी जा रही है। इन व्यवहारिक नीतियों से छत्तीसगढ़ के गांव, गरीब और किसान समृद्ध हुआ। सोसाइटियां मजबूत हुई। गोठानो में विविध प्रकार के रोजगार मूलक मल्टीयूटीलिटी सेंटर के रूप में कार्य किये जा रहे है। इससे ग्रामीण महिलाएं आत्म निर्भर हो रही है। भूमिपूजन समारोह में अपेक्स बैंक डीजीएम भूपेश चंद्रवंशी, प्रबंधक अभिषेक तिवारी शाखा प्रबंधक जशपुर रामकुमार यादव, शाखा प्रबंधक कुनकुरी ए किंडो,मुख्य पर्यवेक्षक व नोडल अधिकारी ए के आजाद, लेखा अधिकारी प्रभाकर कांत यादव तथा बड़ी संख्या में सहकारी समिति के अध्यक्षगण तथा किसान मौजूद रहे।



# आवेदनों को निराकृत करने के दिये निर्देश राजकुमार सिदार, सुदामा चक्रेश के आवेदन का तत्काल किया गया निराकरण

## शारीरिक अक्षमता को देखते हुए चश्मा और डंडा प्रदाय किया गया



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जनदर्शन के माध्यम से ग्रामीण जनों की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने राजकुमार सिदार, सुदामा चक्रेस के दिव्यांगता को देखते हुए के सुविधा के लिए चश्में व डन्डा उपलब्ध तत्काल कराया गया। जनदर्शन में आज, राशन कार्ड, आर्थिक सहायता, पानी की समस्या, रोजगार प्रदाय, मुआवजा,बंटवारा, सीमांकन, भूमि-विवाद, नामांतरण, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त पेंशन, राशन कार्ड, मजदूरी भुगतान, राजस्व संबंधी प्रकरणों का गंभीरता से लेने एवं समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।



# आषाढ़ की हुई पहली फुहार, उमस से लोग हलकान

**कोरबा** । मौसम ने मानसून आगमन का संकेत दे दिया। आषढ़ माह शुरू होने के सात दिन बाद रविवार की सुबह आसमान में बादल छाने के वर्षा हुई। दोपहर तक बादल साफ होने से धूप का असर फ्रि तेज गया। वातावरण में उमस होने से लोग हलकान रहे।

आषाढ़ माह वर्षा काल की शुरूआत लिए जाना जाता है। सप्ताह भर समय गुजर जाने के रविवार की सुबह हई वर्षा से लोगों ने राहत महसूस किया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए थे। अन्य दिनों की तुलना में सुबह का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के बजाए 35 डिग्री में सिमट गया। अनुमान लगाया जा रहा वर्षा लंबे समय तक जारी रहेगी पर ऐसा नहीं हो सका। आधे घंटे बाद सुबह 10 बजे बदली छंटने से धूप तेज हो गया। दोपहर 12 बजे तक तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हल्की वर्षा के बाद धूप तेज होने से वातावरण में उमस का असर तेज हो गया। मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों धूप छांव के बीच मौसम परिवर्तन का असर जारी रहेगा। तेज धूप से राहत पाने के लिए लोग राहत पाने के लिए लोग बेसब्री से मानसून का इंतजार कर रहे हैं। मानसून की निकटता को देखते हुए किसानों ने बोआई के बीच चयन के साथ खेतों में गोबर खाद डालने का काम शुरू कर दिया है। उधर व्यवसाइयों में वर्षा काल में उपयोगी सामान छाता, प्लास्टिक, रैनकोट आदि सामानों का भंडारण शुरू कर दिया है।

# कलेक्टर ने वेयर हाउस में व्यवस्थाओं का लिया जायजा, एफएलसी के दौरान हो कड़ी सुरक्षा

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने सुबह 9 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थित ईवीएम व्हीव्ही पैट वेयर हाउस में चल रहे ईवीएम मशीनों का एफएलसी प्रथम स्तरीय जांच का निरीक्षण किया। विदित हो कि 10 जून 2023 शनिवार से एफ एलसी चालू है जो 27 जून 2023 तक चलना है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पारदर्शिता अपनाते हुए सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में प्रथम स्तरीय जांच ईवीएम मशीनों का किया जा रहा है। प्रथम स्तरीय जांच एफ एलसी, के दौरान राजनैतिक दलों को विभिन्न पारदर्शी पूर्वक प्रक्रिया से अवगत कराया गया। चुनाव के कार्य में लगे सभी व्यक्तियों को पारदर्शी एवं कुषलता पूर्वक एफ एलसी की प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देष दिये साथ ही एफ एलसी से जुड़े सभी मास्टर ट्रेनर और अधिकारी को निर्देषित किया गया कि वे ईवीएम के संबंध में समस्त जानकारी प्राप्त करें। अगली चरण में प्रषिक्षण की प्रक्रिया चालू होनी है। जिसमें पार्टी के कर्मचारियों को प्रषिक्षण दिया जायेगा। इस दौरान उन्होंने एफ एलसी के लिए बनाए गए वेयर हाउस का अवलोकन किया और आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एफ एलसी के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एफ एलसी केंद्र में अनाधिकृत व्यक्ति को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाए।

एफ एलसी फ र्स्ट लेवल चौकिंग, कार्य इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद से आए 10 इंजीनियर्स की उपस्थिति मान्यता प्राप्त वेयर हाउस में एफ एलसी कार्यों का अवलोकन राजनीतिक दलों के समक्ष किया गया। वेयर हाउस में प्रवेश से पूर्व पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिनिधियों, पत्र जारी कर अधिकृत व्यक्तियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रवेश पहचान होने के उपरांत ही उन्हें वेयर के समय स्क्रीनिंग की जा रही है। हाउस में प्रवेश दिया जाए। इसके अलावा एफ एलसी सुपरवाईजर रवि सिंह ने बताया कि मोबाइल, कैमरा, स्पाय पेन, स्मार्ट वांच सहित किसी भी अन्य प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस को बाहर बने काउंटर में ही जमा कराया जा रहा है।

## एक नजर

# संयुक्त रूप से स्कूल बस जांच शिविर का हुआ आयोजन

## दस्तावेज नहीं होने से किया गया फाइन की कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



यातायात पुलिस,परिवहन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस ग्राउंड जशपुर में प्रथम चरण में स्कूल बस जांच शिविर का आयोजन किया गया ।जशपुर के आस पास के स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण एवं सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए 16 बिंदु के निर्देशानुसार 33 स्कूल बसों का निरीक्षण किया गया। इनमें से 08 बसों में दस्तावेज नहीं होने से समन शुल्क रूपये 11600 रुपये वसूल किया गया ।

# सड़क निर्माण एवं मुआवजा प्रकरण में भ्रष्टाचार के विरोध भाजपा करेगी चक्का जाम

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

एडीबी के द्वारा जैजैपुर से मिशन चौक मालखरौदा एवं छोटे सीपत से नगझर होते हुए गोबरा तक बहुत लम्बे समय से सड़क निर्माण किया जा रहा है। इसमे अनावश्यक देरी की जा रही है। जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। किसानों की अधिग्रहित जमीन का मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में हल्के स्तर का मटेरियल उपयोग किया गया है जो कि गुणवत्ताहीन है । डामरीकरण मुरुमीकरण सी सी रोड एवं नाली निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया है तथा मुआवजा प्रकरण में भी भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा हैं । एडीबी के गॉइड लाइन एवं स्टीमेट के अनुसार काम नहीं किया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान जगह-जगह गड्ढे किये गए थे। उन गड्ढों को नहीं भरा जा रहा है। सड़क का किसी भी तरह का मेंटेनेंस भी नहीं किया जा रहा है। चंद्रपुर डभरा खरसिया मार्ग का निर्माण कार्य इतने लंबे समय तक अधुरा है और उसके निर्माण में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। हमारी मांग है कि इन सभी अनियमितताओं की उच्चस्तरीय तकनीकी विशेषज्ञों की टीम गठित करके जांच करायी जावे। इन तमाम अनिमितताओं के कारण जनता को हो रही असुविधाओंको देखते हुए भारतीय जनता पार्टी इसका विरोध करती है। जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस विषय में पूर्व में बताया जा चुका है। किन्तु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। राज्य के कांग्रेस सरकार के ऐसे रवैये के विरोध में भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के द्वारा मिशन चौक मालखरौदा में मुख्य मार्ग पर 13 जून 2023 को समय सुबह 10 बजे चक्का जाम आन्दोलन किया जायेगा । जहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपास्थित रहेंगे ।

# सामान्य भविष्य निधि के अनपोस्ट, डोरमेट, फूल वांट-पार्ट वांट एवं गुमशुदा कटौती के निराकरण हेतु जिला स्तरीय शिविर आयोजन 14 जून को

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला कोषालय जशपुर के अंतर्गत विभिन्न आहरण एवं संतिवरण कार्यालयों में लंबित माइनस बैलेंस लाईव एंकाउट और क्लोज अकाउंट अनपोस्ट क्रेडिट और ड्रोवल, फूल वांट और पार्ट वांट एवं डोरमेंट अकाउंट के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु महालेखाकार कार्यालय द्वारा जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 14 जून 2023 से 16 जून 2023 जिला कोषालय जशपुर छग में किया गया है। उपरोक्त लंबित प्रकरणों के निराकरण किये जाने हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची चेक लिस्ट एवं लंबित प्रकरणों लंबित प्रकरणों की सूचीए पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। अत: जिले के सर्व आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है किए शिविर में आवश्यक दस्तावेज सहित अनिवार्यत: उपस्थित होकर उनके कार्यालय अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निराकरण करावें। साथ ही चेक लिस्ट की छायाप्रति,लंबित प्रकरणों की सॉफ्ट कॉपी साथ में लाने कहा गया है।

# कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सुनी जन सामान्य की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

### जनचौपाल में विभिन्न मांगों एवं शिकायतों के 87 आवेदन हुए प्राप्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





कलेक्टर कक्ष में आयोजित जन चौपाल में आज कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले के विभिन्न विकासखंड से आए जन सामान्य की समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौंके पर उपस्थित अधिकारियों को सभी आवेदनों का प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। आयोजित जन चौपाल में माल धक्का रोड़, विश्वासगढ़ चर्च के प्रार्थियों द्वारा मुख्य डॉकघर ऑफिस एजेंट द्वारा खाते में जमा करवाने दिए रकम में हेरा-फेरी की शिकायत आवेदन लेकर जन चौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि पोस्ट ऑफिस एजेंट के माध्यम से पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाकर एजेंट के माध्यम से पैसे जमा करवाने के लिए दिए जाते थे। परंतु एजेंट द्वारा राशि खाता में जमा न कर गबन कर लिया गया है। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से पोस्ट ऑफिस एजेंट पर उचित कार्यवाही करने का निवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा ने आवेदन की जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील तमनार के ग्राम सामारूमा निवासी मोती लाल चौहान अधूरा कार्य पूर्ण कराने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि तहसील तमनार हल्का नंबर 10 ग्राम सामारूमा में नक्शा खसरा, सीमांकन, फसल क्षति जैसे विभिन्न कार्य अधूरे पड़े है, उन्होंने हल्का पटवारी से सभी कार्य को पूर्ण करवाने का आग्रह किया। कलेक्टर सिन्हा ने आवेदन पर तहसीलदार तमनार को आवेदक से चर्चा कर आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में ग्राम खडगांव के ग्रामवासियों द्वारा तीन से चार माह के अप्राप्त राशन के संबंध में शिकायत आवेदन लेकर जन चौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत खडगांव के शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा हितग्राहियों को गत चार माह से राशन नहीं दिया जा रहा है, जिससे उनके परिवार को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने उचित कार्यवाही करते हुए राशन दिलवाने का निवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा ने खाद्य अधिकारी को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विकासखंड रायगढ़ के ग्राम ननसिया निवासी ओंकार गबेल एवं प्रिया सारथी अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन की राशि नही मिलने की शिकायत आवेदन लेकर जनचौपाल आए थे। आवेदन पर कलेक्टर सिन्हा ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को प्राथमिकता से कार्यवाही करते हुए आवेदक को सूचित करने के निर्देश दिए। तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम सिंसरिंगा निवासी ननकीराम यादव आबादी जमीन प्रदान के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे ग्राम सिसरिंगा के निवासी है एवं पत्थलगांव से उरगा बनने वाले नेशनल हाईवे पर उनका घर आ रहा है, जिसे अब खाली करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त राशि से केवल घर बना सकते है अथवा जमीन खरीद सकते हैं। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से आबादी जमीन प्रदान करने का निवेदन किया। आवेदन पर कलेक्टर सिन्हा ने तहसीलदार धरमजयगढ़ को विधि अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम खैरडीपा गढ़उमरिया निवासी विद्याधर खड़िया घर के उपर से गए बिजली तार के स्थानांतरण के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि खैरडीपा मोहल्ले के निवासी है, जहां तीन फेस का लाइन तार उनके घर के आंगन से होते हुए बस्ती की ओर जाती है। जो झुका हुआ है, जिससे हमेशा डर बना रहता है। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से बिजली तार को सड़क किनारे स्थानांतरित करने का आग्रह किया। कलेक्टर सिन्हा ने आवेदन पर सीएसईबी को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनचौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, वनअधिकार पत्र, पेंशन, श्रम, राशन आदि से संबंधित कुल 87 आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी आवेदन को जिला स्तरीय अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर भरत ध्रुव एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकारी अस्पताल की लापरवाही महिला और बच्चे की मौत

***गर्भवती महिला को घंटो रखा, फिर तबीयत बिगड़ने पर ई-रिक्सा से भेज दिया प्राइवेट अस्पताल...***

रायपुर। राजधानी में सरकारी अस्पताल की बड़ी लापरवाही सामने आई है। डॉक्टरों की लापरवाही के चलते डिलीवरी के लिए आई गर्भवती महिला और बच्चे की मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर अस्पताल का घेराव कर हंगामा कर रहे है। मौके पर पुलिस की टीम भी मौजूद है और आक्रोशित लोगों को शांत करने की कोशिश की जा रही है।




दरअसल, 9 जून शुक्रवार को को गुढ़ियारी निवासी गर्भवती महिला को लेकर सुबह 11 बजे परिजन सरकारी %हमर अस्पताल% पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि गर्भवती महिला की डिलीवरी होनी थी। डॉक्टर बार-बार कहते रहे कि डिलेवरी हो जाएगी। दोपहर दो बजे अस्पताल की डॉक्टर चली गई। दिन भर रखने के बाद भी महिला की न तो सोनोग्राफी हुई और न ही डिलीवरी। इलाज में देरी के चलते गर्भवती महिला बेहोश हो गई। तबीयत ज्यादा बिगड़ते देख हमर अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को निजी अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। अस्पताल ले जाने पर महिला और बच्चे की मौत हो गई।

परिजनों ने हमर अस्पताल के डॉक्टरों पर आरोप लगाया है कि इलाज में लापरवाही बरती गई। अस्पताल में सिर्फ घटना वाले दिन दो नर्स ही थे। डॉक्टरों को पता था कि महिला को काफी दर्द हो रहा है, उसके बावजूद भी उन्होंने किसी तरह की कोई मदद नहीं कि, उल्टे ई- रिक्सा से प्राइवेट अस्पताल में जाने को कह दिया। अस्पताल में एम्बुलेंस भी नहीं था। डॉक्टरों की लापरवाही के चलते महिला और बच्चे की मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजन और मितानिनों ने अस्पताल का घेराव कर दिया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा कर रहे है। मौके पर गुढ़ियारी पुलिस की टीम भी मौजूद है।

# सीएचसी पत्थलगांव में हुआ चिकित्सा अमला की समीक्षा बैठक

### शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने निर्देशित किया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव में खंड चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में चिकित्सा अमला की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त विकासखंड बनाए जाने हेतु लक्ष्य उपलब्धि के संबंध में चर्चा, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य, उपलब्धि एवं बचत की समीक्षा कर शत प्रतिशत कार्ड बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना अंतर्गत ओपीडी एवं रेफ लर की समीक्षा की गई एवं अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर आरसीएच एवं एचआरपी ऐप में एंट्री करने हेतु निर्देशित किया गया। कुष्ठ खोज अभियान एवं मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के मरीजों का सघन जांच कर वास्तविक सूची एवं रिपोर्टिंग करने निर्देशित किया गया। गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा 20 जून 2023 से 4 जुलाई 2023 के संबंध में उचित क्रियाकलाप हेतु स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया। इस बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.जेम्स मिंज, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड लेखा प्रबंधक, समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, एनएमए, एसटीएसए आर एच ओ महिला, पुरुष तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



# त्रिपुरी पंचायत के परसा जंगल में संचालित हो रहा अवैध भट्टा झलक रही वन विभाग की मिलीभगत

**आसपास के इलाकों में बड़ी मात्र में छोटे-बड़े ईंटों का भट्टा लगाया गया है। क्षेत्र में निजी निर्माण के अलावा व्यापार के रूप में धलल्ले से बनवाया जा रहा है, जिसके लिए खनिज विभाग से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई है।***

कुसमी । क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईट भट्ठों का संचालन जोर-शोर चल रहा है। संचालकों द्वारा न तो खनिज नीति का पालन किया जा रहा है और न ही स्थानीय निवासियों की स्वास्थ्य की कोई चिंता। बाहर से मजदूर बुलाकर गुणवत्ताहीन ईंट से मोटी रकम कमा रहे हैं।



नदी किनारे आसपास के इलाकों में बड़ी मात्र में छोटे-बड़े ईंटों का भट्ठा लगाया गया है। क्षेत्र में निजी निर्माण के अलावा शासकीय कार्यों के लिए इसका उपयोग हो रहा है, जिसके लिए खनिज विभाग से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई है न ही रहती है। नियमानुसार 25 हजार तक ईंट बनाने के लिए तहसीलदार व 50 हजार या इससे अधिक ईंट निर्माण के लिए खनिज विभाग के अनुमति लेना होता है, लेकिन आसपास ग्रामीण अंचलों कई ईट भट्ठे लगाए जा चुके हैं और लगाए भी जा रहे हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन इन अवैध भट्ठों पर अंकुश लगाने में सफल नहीं हो पा रहा है और न ही किसी प्रकार की कोई कार्रवाई कर रहे हैं। पूर्व में भी कुसमी, कंजिया, गजाधरपुर, में इस तरह के अवैध ईंट भट्ठे लगाया गया था, और लग भी रही है, जिसकी जानकारी अनुविभागीय कुसमी को सूचना की थी फिर भी उस पर अंकुश नहीं लगी है। और आज भी इस तरह के अवैध संचालित भट्ठा लगा हुआ है, जिस पर तत्कलीन अंकुश विभाग के लोगो को लगाने की जरूरत है, कई बार विभाग के लोगो के सूचना के साथ साथ ख़बर भी प्रकाशित हुई है, लेकिन अभी तक वन विभाग अमला इस पर कोई कार्यवाही करते नजर नही आयी है, आखिर क्यों? त्रिपुरी, के परसा जंगल के बीच नदी किनारे ईंट की भट्टी दहक रही है। इसी तरह आसपास के गांवों सभी पंचायतों में नदी किनारे अवैध ईट भट्ठों का खेल चल रहा है।* अवैध रूप से संचालकों द्वारा यहां धड़ल्ले से ईंट भट्ठों का कारोबार बड़े पैमाने पर चला रहे हैं। बिना किसी पैमाने के यह कारोबार ग्रामीणों के आड़ में ठेकेदार चलाते हैं, उनकी देखा देखी स्थानीय निवासी भी नियमों की अनदेखी करी निर्माण कराया जा रहा है। यह सिलसिला हर वर्ष देखने को मिलता है। वहीं विभागीय की ओर से कसावट नहीं होने के कारण ईट भट्ठों का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है।

* इस विषय में बलरामपुर डीएफओ से चर्चा करनी चाही गयी तो फोन की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गयी, फोन पर कई बार कॉल करने पर भी फोन रिसीव नहीं किया गया।

***क्या कहते है कुसमी डिप्टी रेंजर काली राम**

कुसमी डिप्टी रेंजर काली राम कहना है, आप ऐसा पेपर में लिख कर प्रकाशित करते है, जैसे मैं ही खड़ा होकर पेड़ कटवा रहा हूं जो गलत करेंगे उस के ऊपर कार्यवाही करूँगा।

## कटघोरा में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन

**कोरबा** । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कटघोरा जो की मेला ग्राउंड, कटघोरा में स्थित है जहां पिछले 12 दिनों के लिए नन्हे नन्हे बच्चों के आंतरिक गुणों के विकास हेतु बाल व्यक्तित्व विकास शिविर समर कैंप का आयोजन किया गया था, जो की बिल्कुल निःशुल्क था। 10 जून को इस कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजीत किया गया। ब्रह्माकुमारीज कटघोरा की संचालिका बीण्के कुसुम बहन से हुई वार्तालाप में उन्होंने बतलाया की बच्चों के आंतरिक गुणों एवं शक्तियों के विकास के लिए ब्रह्माकुमारीज कटघोरा में पिछले बारह दिनों से बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया था। जिस शिविर में कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत आसपास के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों नें बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए अलग अलग तरह के प्रोग्राम आर्गेनाइज किये गए, जिससे की उनके भीतर छुपी प्रतिभाओं को निखारा जा सके।

# कांग्रेस सरकार ने हर छत्तीगढ़िया की कर्जदार बनाया- उमेश अग्रंवाल

### जिला भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया घोटाला करने वाली सरकार कर्जे में डूब रही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा घोटाला करने वाले भूपेश सरकार ने पांच सालो को सत्ता के दौरान हर छत्तीसगढ़िया को कर्जदार बना दिया।



जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा भूपेश सरकार हर महीने 460 करोड़ रुपए का ब्याज चुका रही है। घोटाले करके वाली भूपेश सरकार ने सत्ता संभालने के बाद अब तक में 54 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का कर्ज ले चुकी है। छत्तीसगढ़ गठन के 23 सालो के दौरान कुल एक लाख पांच हजार करोड़ का कुल कर्ज लिया गया है। जिसमे भूपेश सरकार के पांच सालो में 54 हजार करोड़ का कर्ज लेकर प्रदेश की आर्थिक स्थिति को खोखला कर दिया। वर्तमान में 84 हजार करोड़ के कर्ज पर प्रति माह 460 करोड़ ब्याज चुका कर प्रदेश के खून पसीने की कमाई को स्वाहा किया जा रहा है। भूपेश बघेल सरकार को घोटालों,कमीशनखोरी की सरकार बताते बताते हुए उमेश अग्रवाल ने कहा कांग्रेस के शासनकाल में छत्तीसगढ़ का सालाना बजट महज छह हजार करोड़ रुपए का होता था जबकि भाजपा के शासनकाल में यही बजट 90 हजार करोड़ रुपए का हुआ। कांग्रेस के शासनकाल में किसानों से पांच लाख टन धान खरीदा जाता था। वह भाजपा शासनकाल के 15 वर्षों में 15 गुना बढ़ा। कांग्रेस की मौजूदा प्रदेश सरकार धान खरीदी के नाम पर गिरदावरी और रकबा कटौती कर किसानों को हैरान कर रही है। भाजपा द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों के चरण पादुका, छात्रवृत्ति जैसी शुरू की गई योजनाएं कांग्रेस की मौजूदा सरकार में गायब हो गई। केन्द्र से जनकल्याण कारी योजनाओं के लिए मिली राशि को बंदरबांट किए जाने का आरोप भी लगाया। गरीबों को दिए गए हजारों क्विंटल मुफ्त अनाज भी भूपेश सरकार डकार गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश को भूपेश सरकार ने घोटालों का प्रदेश बना दिया।

## एक नजर

## शहीद के घर पहुंच कर श्रद्धांजलि दिए केंद्रीय मंत्री

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।



भारद्वाज केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं इस्पात मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने रक्षा अलंकरण समारोह 2023 मई 9 राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति के कर कमलों से कीर्ति चक्र से सम्मानित शहीद सब इंस्पेक्टर पुलिस दीपक भारद्वाज के घर आंगन जाकर उनके माता-पिता से मिलते हुए वीर शहीद को श्रद्धांजलि दिए इस अवसर पर जनप्रिय नेता निर्मल सिन्हा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा सामाजिक कार्यकर्ता लालू गबेल तहसीलदार संजय मिंज थाना प्रभारी केसी मोहिले स्थानीय अधिकारी कर्मचारी एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संरक्षक रमेश तिवारी विजय बहादुर सिंह खगेश कुमार पटेल तहसील शक्ति संयोजक राधेश्याम साहू मालखरोदा तहसील संयोजक विकास चौबे कर्मचारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश देवांगन पीएचई के प्रांतीय पदाधिकारी एसके सोने जय किशन उरांव दिनेश जायसवाल लकेश्वर श्याम प्रफुल्ल देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत चपीतपक किरण कुमार डेहरिया श्यामसुंदर तिवारी सेवानिवृत्त शिक्षक बलिराम चंद्रा आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे श्रद्धांजलि संदेश प्रकट करते हुए केंद्रीय मंत्री कुलस्ते ने कहा कि यह घर आंगन की बेटा की शहादत का सम्मान करते हुए भारत सरकार ने राष्ट्रीय वीरता अवार्ड कीर्ति चक्र से सम्मानित किया है श्रद्धांजलि के अवसर पर शहीद के पिता गुरु राधे लाल भारद्वाज ने उपस्थित नेतागण जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी सभी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। निवेदक राधे लाल भारद्वाज जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शक्ति।

## 15 जून को मिनी स्टेडियम में होगा स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला परिवहन अधिकारी रायगढ़ ने जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थान संचालकों एवं शैक्षणिक संस्थानों में लीज अनुबंध तहत संचालित करने वाले बस मालिकों को सूचित करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थान के वाहनों का फिटनेस जांच 15 जून को सुबह 10 बजे मिनी स्टेडियम, रायगढ़ में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी शैक्षणिक संस्थान को अपने संस्थान में संचालित वाहनों को समस्त दस्तावेज सहित भेजने हेतु निर्देशित किया है। यदि वाहनों को जांच शिविर में नहीं भेजा जाता है, तो यह माना जायेगा कि यान शैक्षणिक संस्थान में संचालित करने योग्य नहीं है, ऐसी स्थिति में वाहनों का उपयुक्ता प्रमाण पत्र एवं अनुज्ञा पत्र निलंबन की कार्यवाही किया जाएगा। बिना फिटनेस जांच वाहन संचालित होते पाया जायेगा तो वाहन निरूद्ध भी किया जाएगा। साथ ही उपयुक्ता प्रमाण पत्र रद्द दिनांक से वाहन के साधारण बस मानते हुए कर निर्धारण की कार्यवाही की जाएगी।

## अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग के द्वारा महिला सम्मान बचत पत्र का चलाया गया विशेष अभियान

### डाकघरों में एक दिन में खुला कुल 1075 महिला सम्मान बचत पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

महिलाओं की छोटी बचत को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2023 से महिला सम्मान बचत पत्र के नाम से एक नयी बचत योजना शुरू की गई। महिलाओं के सम्मान एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शुरू की गयी। उक्त योजना में महिलाओं को कम समय (दो वर्ष) में सर्वाधिक 7.5 प्रतिशत का आकर्षक ब्याज दिया जा रहा है, जिसकी गणना प्रत्येक त्रैमासिक होती है। उक्त योजना में किसी भी आयु वर्ग की लड़कियों और महिलाएं द्वारा कम से कम 01 हजार रुपये से अधिकतम 2 लाख तक जमा कर सकते है। यदि कोई महिला उक्त योजना में 2 लाख तक जमा करती हैं, तो उन्हें दो वर्ष के उपरांत 2 लाख 32 हजार 44 रुपये की राशि मिलता है। कार्यालय अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग द्वारा उक्त योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए 10 जून का एक दिवसीय महाअभियान चलाया गया, जिसमें एक दिन में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए रायगढ़ संभाग के विभिन्न डाकघरों में एक दिन में कुल 1075 महिला सम्मान बचत पत्र रकम लगभग 1.68 करोड़ का खाता खुलवाया गया एवं उक्त खातों में से लगभग 70 प्रतिशत खातों का पासबुक रविवार 11 जून 2023 को विभिन्न डाकघरों में महिलाओं को वितरण भी कर दिया गया है। तापस कुमार दाश, अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग द्वारा प्रधान डाकघर रायगढ़ में खुलवाये गए सभी निवेशकों को महिला सम्मान बचत पत्रों को सम्मान पूर्वक प्रदान कर शुभकामनाएं दी। उक्त योजना में रायगढ़ संभाग में अब तक कुल 1656 महिला सम्मान बचत पत्र खाते खुल चुके हैं और योजना अन्य जमा योजना की तरह 31 मार्च 2025 तक जारी रहेगी जिसका लाभ अन्य महिलाएं भी ले सकते हैं।

## जरा हटके जरा बचके की टिकट खिड़की पर पकड़ मजबूत



विक्की कौशल और सारा अली खान की जरा हटके जरा बचके 2 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को समीक्षकों की ओर से कुछ खास प्रतिक्रियाएं नहीं मिली, लेकिन दर्शकों द्वारा जरा हटके जरा बचके को भरपूर प्यार मिल रहा है। वीकेंड पर फिल्म ने शानदार कारोबार किया था, लेकिन सोमवार से इसकी कमाई में गिरावट जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, जरा हटके जरा बचके ने रिलीज के 7वें दिन 3.24 करोड़ रुपये का कारोबार किया। अब जरा हटके जरा बचके का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 37.35 करोड़ रुपये हो गया है। इसमें विक्की और सारा के अलावा शारिब हाशमी, सुष्मिता बनर्जी, नीरज सूद और इनामुलहक भी अहम भूमिकाओं में हैं।



## अगर मैं कभी प्यार में पड़ती हूं, तो मेरे लिए उम्र कोई मायने नहीं रखेगी: वंदना राव

'ना उम्र की सीमा हो' में चित्रा की भूमिका निभा रहीं एक्ट्रेस वंदना राव का मानना है कि उम्र को प्यार का पैमाना नहीं बनाना चाहिए। शो ने सभी लोगों को विश्वास दिलाया है कि प्यार में कोई बाधा नहीं होती है। प्यार सच्चा हो तो उम्र कोई मायने नहीं रखती।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह कभी किसी ऐसे व्यक्ति के प्यार में पड़ना चाहेंगी जो वास्तविक जीवन में उनकी उम्र से बहुत बड़ा हो, वंदना ने कहा: बिल्कुल हां! अगर कभी प्यार हुआ, तो निश्चित रूप से मेरे लिए उम्र कभी मायने नहीं रखेगी। यह व्यक्ति और प्यार के बारे में है।

क्या होगा यदि कोई व्यक्ति आपकी उम्र के आसपास है, लेकिन वह वफादार नहीं है और आपका अपमान करता है, तो क्या आप उस रिश्ते में खुश होंगे?, नहीं.. जब आप एक दूसरे के साथ प्यार में होते हैं तो उम्र कोई मायने नहीं रखती। यह आपसी समझ और आपके बिना शर्त प्यार के बारे में है।

उन्होंने कहा: यह शो एक विश्वास है। यह शो निश्चित रूप से मानसिकता बदल रहा है क्योंकि लोग इसे पूरी तरह से प्यार कर रहे हैं और समाज के दबाव या उम्र के अंतर के बारे में किसी भी वर्जना के बिना प्यार को प्यार के रूप में स्वीकार करने के लिए अपने दिमाग को आकार दे रहे हैं। आखिर में केवल प्यार ही मायने रखता है। 'ना उम्र की सीमा हो' का प्रसारण स्टार भारत पर होता है।

## हद से ज्यादा बोल्ड हैं टीवी की संस्कारी बहू शिवांगी जोशी, कैमरे के सामने चमकाया हुस्न

टीवी की नायरा उर्फ शिवांगी जोशी ने ये रिश्ता क्या कहलाता है में अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। वहीं, इन दिनों एक्ट्रेस अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ाने में लगी हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की है।

इन फोटोज में एक्ट्रेस की हुस्न की बेबाकी थमनें का नाम नहीं ले रही हैं। छोटे पर्दे से करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस शिवांगी जोशी आज टीवी की जानी-मानी स्टार बन चुकी हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो अक्सर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरने लग जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉटनेस भरे अंदाज में फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में शिवांगी जोशी ने ग्रीन कलर का थाई स्लिट ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस की इन फोटोज को देखकर फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। दरअसल, शिवांगी जोशी की ये तस्वीरें अवॉर्ड फंक्शन की हैं। इस इवेंट के दौरान एक्ट्रेस के लुक पर फैंस की निगाहें टिकी की टिकी रह गईं। कानों में इयररिंग्स, बालों को बांध कर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस शिवांगी जोशी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। शिवांगी जोशी अपनी इन फोटोज में प्यारी सी स्माइल देते हुए फैंस को अपना दीवाना बनाती नजर आ रही हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।



# फिल्म द केरल स्टोरी की कमाई 250 करोड़ रुपये की ओर




फिल्म द केरल स्टोरी ने 5 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया था और रिलीज के पहले दिन से ही फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी है। द केरल स्टोरी को रिलीज हुए 1 महीना बीत चुका है, लेकिन अभी भी टिकट खिड़की पर फिल्म की पकड़ मजबूत है। हालांकि, बीते कुछ दिनों से इसकी कमाई में गिरावट जारी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, द केरल स्टोरी ने 35वें दिन 50 लाख रुपये का कारोबार किया है।

द केरल स्टोरी का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 238.47 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म की कमाई धीरे-धीरे ही सही, लेकिन 250 करोड़ की ओर बढ़ रही है। इसमें अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सिद्धि इडनानी और सोनिया बलानी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। द केरल स्टोरी उन 3 लड़कियों की कहानी है, जिनका पहले ब्रेन वॉश के जरिए धर्म परिवर्तन कराया जाता है और फिर बाद में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है।

०० 

## फिल्म आदिपुरुष को मिला यू सर्टिफिकेट, लगभग 3 घंटे की होगी फिल्म

प्रभास और कृति सैनन की फिल्म आदिपुरुष रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और इन दिनों निर्माता फिल्म के प्रचार-प्रसार में व्यस्त हैं। अब गुरुवार को आदिपुरुष को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने यू सर्टिफिकेट द्वारा पास कर दिया है। इसका मतलब है कि सभी उम्र में लोगों को फिल्म देखने की अनुमति है। यह फिल्म 2 घंटे 59 मिनट की होगी। आदिपुरुष 16 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए एकदम तैयार है।



आदिपुरुष का निर्देशन ओम राउत ने किया है। इसमें प्रभास और कृति के अलावा सैफ अली खान, देवदत्त नाग और सनी सिंह मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। रिलीज से पहले 13 जून को इसका न्यूयॉर्क के ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर होगा। 600 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म आदिपुरुष को हिंदी समेत तेलुगू, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। आदिपुरुष के 2 गाने- राम सिया राम और जय श्रीराम रिलीज हो चुके हैं।

# सोनाक्षी सिन्हा की दहाड़ का बनेगा सीक्वल? अभिनेत्री बोलीं- मैं इंतजार नहीं कर सकती

बलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा आजकल अपनी हालिया रिलीज हुई वेब सीरीज दहाड़ की सफलता का आनंद उठा रही हैं। यह सीरीज 12 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इसमें सोनाक्षी के अलावा विजय वर्मा, गुलशन देवैया और सोहम शाह मुख्य भूमिका में हैं। दहाड़ में सोनाक्षी ने स्थानीय पुलिस सब इंस्पेक्टर अंजलि भाटी का किरदार निभाया है। अब सोनाक्षी ने दहाड़ के सीक्वल पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

सोनाक्षी ने कहा, मैं चाहती हूं कि दहाड़ का सीक्वल बने। मुझे



अपना किरदार बेहद पसंद है और मैं अपने किरदार में फिर आने का इंतजार नहीं कर पा रही हूं। उन्होंने आगे कहा, अगर सीक्वल बनता भी है तो अंजलि भाटी की कमी खलेगी, क्योंकि शो के अंत में उसका किरदार अंजलि भाटी से अंजलि मेघवाल में बदल जाता है। इस सवाल का जवाब रीमा कागती और जोया अख्तर से पूछा जाना चाहिए।

## खेल

जोकोविच सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले टेनिस स्टार

# फ्रेंच ओपन फाइनल में रूड को 7-6, 6-3, 7-5 से हराया, यहां तीसरी बार चैंपियन बने

**पेरिस।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने तीसरी बार फ्रेंच ओपन का खिताब जीत लिया है। 36 साल के इस स्टार ने नॉर्वे के कैस्पर रूड को मेंस सिंगल्स के फाइनल में 7-6, 6-3, 7-5 से हराया। वे 7वीं बार फाइनल मुकाबला खेल रहे थे।

जोकोविच का यह 23वां ग्रैंड स्लैम टाइटल है। उन्होंने राफेल नडाल के 22 टाइटल के खिताब को पीछे छोड़ा है। वे मेंस टेनिस में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी बने हैं।




### फ्रेंच ओपन जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

जोकोविच फ्रेंच ओपन जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने 36 साल 20 दिन की उम्र में यह कारनामा किया है। जोकोविच ने राफेल नडाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा है। राफेल ने पिछले साल 36 साल 2 दिन की उम्र में यह खिताब जीता था।

जोकोविच ने लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम भी जीता है। उन्होंने जनवरी महीने में ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था। तब जोकोविच ने ग्रीस के स्टेफनोस सितसिपास को लगातार सेट में 6-3, 7-6, 7-6 से हराया था।

जोकोविच ने तीसरी बार फ्रेंच ओपन जीता है। उन्होंने सबसे ज्यादा 10 ऑस्ट्रेलियन ओपन, 7 विंबलडन और 3 यूएस ओपन टाइटल अपने नाम किए हैं।

### 2 साल पहले भी यहां चैम्पियन बने थे जोकोविच

जोकोविच साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम में तीसरी बार चैम्पियन बने हैं। उन्होंने 2 साल पहले 2021 के सीजन में रेड कोर्ट का यह खिताब जीता था। उन्होंने पहला फ्रेंच ओपन 2016 में अपने नाम किया था।

### सीधे सेटों में जीता फाइनल

जोकोविच को यह खिताब जीतने के लिए बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। 3 घंटे 16 मिनट चले इस मुकाबले में दोनों फाइनलिस्ट के बीच गजब का कॉन्टेस्ट देखने को मिला। यह मुकाबला 7-6 के स्कोर तक गया। उसके बाद टाइ ब्रेकर में जोकोविच ने अपना सेट जीतते हुए मुकाबले में 1-0 की बढ़त ली। दूसरे सेट में जोकोविच ने अनुभव का फायदा उठाया और रूड को अनफोर्स्ड एरर करने पर मजबूर किया। सर्बियन स्टार ने इस सेट में 6-3 की आसान जीत दर्ज की। तीसरे सेट में रूड ने वापसी की नाकाम कोशिश की। यह कॉन्टेस्ट 7-5 के स्कोर पर समाप्त हुआ।




### एक नजर

## भारत ने जीत के साथ शुरू किया इंटरकांटिनेंटल कप

**भुवनेश्वर ।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने मंगोलिया पर 2-0 की आसान जीत के साथ अपने हीरो इंटरकांटिनेंटल कप 2023 अभियान की शुरुआत की। कलिंगा स्टेडियम पर पहली बार खेलते हुए भारतीय टीम ने सहल अब्दुल समद (दूसरा मिनट) और लालियानज़ुआला छंगटे (14वां मिनट) के गोलों की मदद से जीत दर्ज की। दिन के पहले मुकाबले में लेबनान ने वानुअतु को 3-1 से हराया था। गोलों के आधार पर लेबनान तालिका में पहले स्थान पर है, जबकि भारत दूसरे पायदान पर है। मैच शुरू होने से पहले ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दोनों टीमों से मुलाकात की और अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे और महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरण उपस्थित रहे। भारत का अगला मुकाबला सोमवार को वानुअतु से होगा।




हॉकी एशिया कप फाइनल में चमकी जींद की अन्नू

## डबल हैट्रिक के साथ टॉप गोल स्कोरर का अवॉर्ड; पीएम मोदी ने दी बधाई



**जींद।** जापान में हुए महिला जूनियर हॉकी एशिया कप में टीम इंडिया ने इतिहास रचते हुए 12 साल बाद गोल्ड मेडल जीत कर एशिया कप ट्रॉफी अपने नाम की है। टीम की जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर खुशी जाहिर की तो वहीं डबल हैट्रिक करने वाली जींद जिले के छोटे से गांव रोज खेड़ा की अन्नू को टॉप गोल स्कोरर का अवॉर्ड मिला है। इंडिया हॉकी टीम का पहला मुकाबला उज्बेकिस्तान के साथ हुआ था, जिसमें इंडिया ने उज्बेकिस्तान को 22-0 से हराया। इसमें अन्नू ने डबल हैट्रिक मारते हुए 6 गोल दागे थे। इसके बाद मलेशिया के साथ मुकाबले में टीम इंडिया 2-1 से जीती, कोरिया के साथ मैच 2-2 अंकों के साथ ड्रा रहा और टीम को एक-एक पॉइंट मिला। उससे अगले मैच में ताइवान को 11-0 से हराया और ग्रुप ए में टॉप पर टीम रही। उसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले में जापान को 1-0 से हराया, जिसमें अन्नू रोजखेड़ा बेस्ट प्लेयर रही। वर्ल्ड कप क्वालीफाई करने के बाद साउथ कोरिया के साथ फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें टीम इंडिया 2-1 से विजयी रही। इसमें एक गोल अन्नू ने और दूसरा गोल नीलम ने दागा और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका हासिल की। हॉकी इंडिया ने 2012 के बाद अब इतिहास रचते हुए एशिया कप पर कब्जा हासिल किया है।

# भारत लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल हारा

*कंगारुओं ने 209 रन से हराया, ऑस्ट्रेलिया सभी ICC ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बनी*

लंदन। टीम इंडिया लगातार दूसरी बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच हार गई है। टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 209 रनों से हराया।




444 रन का टारगेट चेज करते हुए भारतीय टीम आखिरी दिन के पहले सेशन में 234 पर ऑलआउट हो गई। दूसरी पारी में भारत का कोई बैटर 50+ का स्कोर नहीं कर सका। विराट कोहली (49 रन) टॉप स्कोरर रहे। लंदन के द ओवल मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 270/8 के स्कोर पर घोषित की और भारत को जीत के लिए 444 रन का टारगेट दिया। भारतीय टीम पहली पारी में 296 रन पर ऑलआउट हो गई, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 469 रन ऑलआउट हुई थी।

मैच विनिंग फैक्टर- स्मिथ-हेड की पार्टनरशिप फाइनल मुकाबले में स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड की पार्टनरशिप ने अंतर पैदा किया। दोनों ने पहली पारी के दौरान चौथे विकेट के लिए 408 बॉल पर 285 रन की पार्टनरशिप की। इस साझेदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 469 रन बना डाले, इस स्कोर के दम पर ऑस्ट्रेलिया मैच के दूसरे ही दिन ड्राइविंग सीट पर आ गया।

# भारत-पाकिस्तान वर्ल्ड कप मैच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में

**मुंबई।** क्रिकेट का वन डे वर्ल्ड कप अक्टूबर से नवंबर के बीच भारत में खेला जाएगा। BCCI ने मैचों का शेड्यूल ड्राफ्ट तैयार कर ICC को भेज दिया है। ड्राफ्ट के मुताबिक, टूर्नामेंट की शुरुआत 5 अक्टूबर को अहमदाबाद से होगी। ओपनिंग मैच इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा।

भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच यानी भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 15 अक्टूबर को खेला जाएगा। ये मैच अहमदाबाद में एक लाख दर्शक क्षमता वाले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। वर्ल्ड कप फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा।




क्रिकेट वेबसाइट ESPNCRICINFO के मुताबिक, यह शेड्यूल ड्राफ्ट ICC ने वर्ल्ड कप खेलने वाली सभी टीमों को भेज दिया है। उनका फीड बैक लेने के बाद अगले हफ्ते फाइनल शेड्यूल जारी किया जाएगा। 2015 और 2019 में हुए वन डे वर्ल्ड कप का शेड्यूल एक साल पहले जारी कर दिया गया था। 2023 वर्ल्ड कप का शेड्यूल अभी तक फाइनल नहीं हुआ है। टूर्नामेंट शुरू होने में 4 महीने से कम का वक्त बचा है।

# एसडीओपी रितेश चौधरी एवं उनकी टीम नाबालिग को बहला फुसलाकर गैंग रेप करने वाले आरोपियों गिरफ्तार कर भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



बलरामपुर जिले के नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक बलरामपुर लाल उमेद सिंह के द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को महिला संबंधी अपराध, शिकायत का तत्परता से निराकरण करने का निर्देश दिया गया था जिसके परिपालन में एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी ने कुसमी अनुभाग के सभी पुलिस अधिकारियों को एसपी के उक्त निर्देश का कड़ाई से पालन करने के संबंध में मिटिंग भी लिया गया था। 07 जून 2023 की सुबह करीबन 11 बजे कुसमी क्षेत्र के एक गांव में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें एक 16 साल की एक नाबालिग आदिवासी युवती शामिल होने गई थी। उक्त शादी समारोह में विनोद एक्काए संदीप तिर्कीए चंद्रप्रकाश मिंज भी गये हुए थे। संदीप नबालिग लड़की को बहला फ,ुसलाकर बातचीत करने लगा और उसे आईस्क्रीम खिलाने के बहाने अपने दोनों साथी विनोद एक्का और चंद्रप्रकाश के साथ स्कूटी में उस युवती को बैठाकर कदमटोली ले गया वहां तीनों लड़के शराब पीये जब लेट होने लगा तो लड़की घर जाने की जिद करने लगी। जो तीनों लड़के उसे चलो घर छोड़ देंगे कहकर कंचनटोली बांध ले गये। रात करीबन 8.9 बजे तीनों लड़के उस युवती के साथ छेड़खानी करने लगे। उस युवती को अकेला पाकर और अंधेरे का फ ायदा उठाकर बांध किनारे सुनसान जगह पर बलात्कार करने लगे। तीनों युवक बेरहमी से उस युवती के साथ बलात्कार कर रहे थे। जब युवती इन लोगों का विरोध करने लगी चिखने चिल्लाने लगी तो तीनों युवक उस युवती के साथ मारपीट कर धमकी दिये कि अगर ज्यादा चिखेगी चिल्लायेगी तो यही पर तुझे मार डालेंगे और अगर इस घटना के बारे में यदि किसी को बताएगी तो तेरे परिवार वालों को भी मार डालेंगे। जिससे युवती डर गयी और सदमें में आ गई। उक्त घटना कि थाना में रिपोर्ट होने पर एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी ने एसपी डॉ.लाल उमेद सिंह को सम्पूर्ण घटना क्रम से अवगत कराया जिस पर एस.पी के द्वारा गंभीरता और चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल आरोपियों की धरपकड़ के आदेश दिये। उक्त आदेश के पालन में आरोपी की पतासाजी हेतु 02 टीमें बनाई गई। पहली टीम एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी, टीआई सुनिल केरकेट्टा,करौंदा टीआई देवेन्द्र टेकाम, प्र.आर. अमोल कश्यप, दीपक बड़ा, आर.चंदरसाथ, के द्वारा आरोपी विनोद और संदीप की पतासाजी उक्त आरोपियों के घर ग्राम पाकरडीह में किया गया जो पुलिस टीम को देखकर उक्त दोनों आरोपी बाईक में झारखण्ड की ओर भागने लगे। जो पुलिस टीम द्वारा उनका पीछा करने पर ग्राम जैरागी झारखण्ड के पास लगे जंगल में छिपने लगे, जो रात भर काफ ी खोजबीन करने के बाद सुबह करीबन 6 बजे उन दोनों आरोपियों को पकड़ने में सफ लता मिली।

दूसरी टीम जिसमें सउनि प्रकाश तिर्की, प्र.आर ओमप्रकाश, आर संजय साहू, देवतराम एक्का, संजय कुजूर, शामिल थे ने आरोपी चंन्द्रप्रकाश की गिरफ्तारी हेतु उसके साकिन हंसपुर दबिश दियेए परंतु आरोपी फरार हो गया था। जो सायबर सेल के माध्यम से आरोपी का लोकेशन पता करने पर उसका लोकेशन अंबिकापुर मिलने पर उक्त टीम के द्वारा रातों-रात उक्त आरोपी को भी गिरफ्तार करने में सफ लता प्राप्त हुई। तीनों आरोपियों के द्वारा अपना अपराध किया जाना स्वीकार किया गया है। एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने पर पूरी टीम को शबासी देते हुए एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी को यथाशीघ्र आरोपियों के विरूद्ध चार्जशीट पेश करते हुएए पीड़ित लड़की को क्षतिपूर्ति राहत राशि दिलाने हेतु निर्देश दिया है। लगातार 02 दिन तक पूरी टीम के द्वारा कड़ी मेहनत करके आरोपी, विनोद एक्का पिता लक्ष्मी प्रसाद उम्र 25 साल,संदीप तिर्की पिता भुनेश्वर उम्र 20 सालए दोनों निवासी पाकरडीह,चन्द्रप्रकाश मिंज पिता सुखचरण उम्र 25 साल निवासी हंसपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें थाना कुसमी के पास्को एक्ट एवं बलात्कार के अपराध के तहत 12 जून 2023 को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। उक्त कार्यवाह में एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी के साथ टीआई कुसमी सुनिल केरकेट्टा, कोरचा टीआई दुवेन्द्र टेकाम, सउनि प्रकाश तिर्की, प्र.आर. ओमप्रकाश, अमोल कश्यप, दीपक बड़ा, आर.संजय साहू, देवतराम एक्का, संजय कुजूर, चंदरसाय, शामिल थे।

## एक नजर

### जिला निर्वाचन कार्यालय में मंगाये आवेदन की जांच उपरांत पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची

19 जून तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के कार्य को संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अनुविभागीय अधिकारी (रिटर्निंग ऑफिसर) कार्यालयों के लिए गत दिवस निर्वाचन कार्यालय में आवेदन मंगाये गये थे। जिसमें निर्धारित तिथि में सहायक ग्रेड-3 संविदा पद हेतु 115 आवेदन पत्र एवं भृत्य कलेक्टर दर हेतु 165 आवेदन प्राप्त हुये है। प्राप्त आवेदन पत्रों एवं संलग्न प्रमाण-पत्रों का चयन समिति द्वारा जांच परीक्षण उपरांत दावा आपत्ति हेतु पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय जिला निर्वाचन के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है एवं रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अपलोड की गई है। उक्त पदों में भर्ती हेतु अभ्यर्थी पात्र/अपात्र सूची का अवलोकन कर कर सकते है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदक को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे 19 जून 2023 को सायं 5 बजे तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात अथवा अन्य किसी भी माध्यम से दावा-आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा।

### बाढ़ आपदा नियंत्रण हेतु संयुक्त कलेक्टर ध्रुव नोडल अधिकारी नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी मानसून के मद्देनजर जिले में बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम स्थापित किया जाकर जिला स्तर पर संयुक्त कलेक्टर धनीराम रात्रे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायगढ़ के कार्य विभाजन के द्वारा रात्रे को उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रायगढ़ बनाये जाने के कारण उनके स्थान पर संयुक्त कलेक्टर बी.आर.ध्रुव को बाढ़ आपदा राहत शाखा का दायित्व सौंपे जाने के फलस्वरूप बाढ़ आपदा नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन

### उपायुक्त अखिलेश साहू प्रेक्षक नियुक्त


खनिज निरीक्षक बबलू पाण्डेय बनाये गये लाइजनिंग आफिसर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नवा रायपुर के आदेशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन हेतु रायगढ़ जिले के लिए उपायुक्त (रा.), संभागीय आयुक्त कार्यालय, बिलासपुर अखिलेश साहू को प्रेक्षण कार्य हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया जाकर समस्त सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही उक्त निर्देश के पालन में तथा प्रेक्षक के निर्देशानुसार खनिज निरीक्षक रायगढ़ बबलू पाण्डेय मोबा.नं.98260-51480 को लाइजनिंग आफिसर नियुक्त किया गया है।

### तहसीलदारों की मांग पर शासन ने लिया संज्ञान,कलेक्टर्स को दिए सुरक्षा हेतु निर्देश, संलग्नीकरण होगा खत्म

जोहार छत्तीसगढ़-मारवाही।




छत्तीसगढ़ अधीनस्थ सिविल सेवा के पदाधिकारी तहसीलदार, नायब तहसीलदारों हेतु गठित कनिष्ठ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा प्रांताध्यक्ष कृष्ण कुमार लहरे के नेतृत्व में 13 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन को ज्ञापन सौंपा गया था। वर्तमान में बढ़ते कार्य की अधिकता के बीच तहसीलदारों की मांग पर संज्ञान लेते हुए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सचिव द्वारा सभी कलेक्टरों को तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को सुरक्षा उपलब्ध कराने सहित उनके मूल कार्य के विरुद्ध भू-अभिलेख शाखा में संलग्नीकरण नहीं किये जाने तथा अधीक्षक, सहायक अधिक्षकों को तहसीलदार, नायब तहसीलदार का कार्य नहीं दिए जाने के निर्देश जारी किए गए है जिस पर संघ के सदस्य सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदारों ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जारी निर्देशों के शीघ्र पालन सहित उनके अन्य मांग जिसमे मुख्यत: वेतन विसंगत्ती, नायब तहसीलदरों को राजपत्रित दर्जा, डिप्टी कलेक्टर पद पर पद्दोन्नति हेतु 50- 50 के अनुपात का पालन सहित अन्य मांगों पर भी संज्ञान लेकर शीघ्र निराकरण हेतु निवेदन किया है।

# पहले समाज फिर पार्टी- लखमा

## शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का लोकार्पण



**बालोद/ कुरूर।** आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने रविवार को यहां कि समाज सबसे बड़ा है उसके बाद पार्टी। उन्होंने कहा कि आप चाहे जिस पार्टी से हो, समाज के साथ खड़ा रहना है। लखमा ने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का लोकार्पण किया। आदिवासी गोंड़वाना सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर अपने उदबोधन में आबकारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा आदिवासियों को सम्मान देने के लिए विश्व आदिवासी दिवस पर अवकाश की घोषणा की गई। आबकारी मंत्री ने कहा कि हमारी छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार सभी समाज के लिए भवन निर्माण कर रही है जिससे सभी समाज अपना अपना कार्यक्रम ठीक ढंग से कर सके। प्रत्येक जिला मुख्यालय में सामाजिक भवनों की मांग को देखते हुये सरकार द्वारा प्रत्येक समाज की भवन निर्माण में आर्थिक सहायता कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज सबसे बड़ा है उसके बाद पार्टी। आप चाहे कोई भी पार्टी से हो समाज का साथ खड़ा होना है। उन्होंने कहा की भाजपा पार्टी लोगो को आपस मे लड़ाने का काम कर रही। फुट डालो राज करो की नीति अपना रही है आदिवासियों को भटकाने का, झूठ बोलने का काम किया है। आबकारी मंत्री ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार दिन दुगुनी रात चौगोनी महँगाई बढ़ाते जा रही है। आज त्रस्ज्ञ से व्यापारी वर्ग से लेकर आम जनता परेशान हो रही है। लखमा ने कहा कि कांग्रेस सरकार आदिवासियों को प्राथमिकता देते हुए शहीद वीर जवानों की मूर्ति, देवगुड़ी, जल जंगल जमीन का पट्टा, आदिवासी की रीति रिवाज को संरक्षण देने का काम कर रही है।

# हिण्डाल्को जीएनसी की बड़ी कांटा गोपातु में नहीं पानी, शौचालय, सेड की कोई उचित व्यवस्था

ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष ने उठायी आवाज

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।





आपको बता दे कि हिण्डाल्को कंपनी जीएनसी की बड़ी कांटा गोपातु में कई वर्षों से स्थित है। और बड़ी मात्रा में कांटा में ट्रकों को तादात रहती है, ट्रकों के ड्राइवरों को यहां बहुत सी परेशानी परिस्थितियों बनी रहती है। जिसकी आवाज उठाने वाले कोई नहीं है, अभी इस सीजन में गर्मी काफी बढ़ी हुई है, जहां चाहिए कि पानी शौच, सेड की व्यवस्था होना अनिवार्य है। ताकि ट्रक ड्राइवरों को इस सब चीजों का लाभ मिलना चाहिए लेकिन गोपातु में स्थित जीएनसी की इस बड़ी कांटा में पानी तक कि कोई उचिय व्यवस्था नहीं है। ये सोचने वाली बात है, की कोई सेड तक नहीं है, जहां ट्रक के मालिक भी आ कर बैठ सके आखिर हर चीज में विफ ल क्यों साबित हो रही है, हिण्डाल्को जीएनसी कंपनी। क्यू कोई उचिय व्यवस्था नहीं है। जब कंपनी की अनुबंध 1996 की बात करे तो कंपनी यह कहती है, की जहां हम माइनिंग करने वहां आदर्श ग्राम बनाएंगे लेकिन आदर्श ग्राम तो दूर की बात है, यहां पानी की व्यवस्था से कोसो दूर है। विगत कुछ दिन पहले ट्रक मालिकों द्वार कंपनी जीएनसी की बड़ी कांटा में कुछ बैठक रखी गयी थी। वही ट्रक मालिकों ने कहा की यहां न बैठने के लिए सेड है, न पानी है, गर्मियों में भी व्यवस्था निहि है। हिण्डाल्को कंपनी इतनी बड़ी मात्रा में उखनन कर रही है, लेकिन कही न कही बहुत कुछ व्यवस्थाओं कोसों दूर है। अब देखना होगा कि क्या कुछ हिण्डाल्को जीएनसी व्यवस्था दे पाती है। की नहीं।

### क्या कहते हैं, ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष -पुनीत गुप्ता

यहां पानी, शौचालय, सेड का व्यवस्था होना चाहिए, बैठने की उचित व्यवस्था होना चाहिए जो कि एकदम अनिवार्य है। जो कि हिण्डाल्को कोई व्यवस्था नहीं दे पा रही है, यहां धूल से भी लोग प्रभावित हो रहे पानी पटाने से लेकर सभी चीज की उच्चतम व्यवस्था कंपनी को करनी चाहिए जो कि इन सब चीजों से विफ्ल है, मैं ट्रक मालिक संघ का अध्यक्ष होने के नाते मीडिया के माध्यम से यहां की उचित मांग रख रहा हूं।

# राज्य सरकार खरीदती है किसानों का धान, ऋण लेकर करती है भुगतान



**रायपुर।** वन एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि धान खरीदी राज्य सरकार के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के पंजीकृत किसानों से धान खरीदी करती है और बैंको से ऋण लेकर भुगतान करती है।

केन्द्र सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए कोई अनुदान, सहायता अथवा ऋण नहीं दी जाती। धान खरीदी का एक सिस्टम है, राज्य सरकार किसानों से धान खरीदी करती है फिर कस्टम मिलिंग के बाद सेन्ट्रल पूल में चावल जमा किया जाता है। उसके बाद केन्द्र सरकार द्वारा जमा चावल के एवज में निर्धारित दर पर भुगतान किया जाता है। वर्ष 2023-24 में 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान है। उन्होंने बताया कि किसानों से अब तक 15 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी की जा रही थी, जिसे राज्य सरकार ने बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने का निर्णय लिया है। मंत्री श्री अकबर ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बारे में बताया कि धान खरीदी राज्य सरकार की सबसे बड़ी योजना है। धान खरीदी के लिए राज्य सरकार प्रतिवर्ष 20 से 25 हजार करोड़ रूपए का ऋण लेती है। यह ऋण छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) के माध्यम से बैंको एवं नाबार्ड इत्यादि से लिया जाता है। धान खरीदी के लिए केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार को कोई सहायता नहीं दी जाती और न ही कोई अनुदान या ऋण दिया जाता है।

# सरकार ने तीन लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को किया गायब - महेश गागड़ा

बीजापुर - छत्तीसगढ़ सरकार हरा सोना यानी तेंदूपत्ता मानक बोरा मूल्य वृद्धि कर खरीदी करने की बात कही थी इस बीच तीन लाख संग्राहको को गायब करने का आरोप सरकार पर पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने लगाया है।



भाजपा कार्यालय में पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने प्रेसवार्ता कर तेंदूपत्ता खरीदी में सरकार की आंकड़ों पर सवाल उठाया है गागड़ा ने कहा संग्राहकों का शासकीय आंकड़ा प्रदेश में 14 लाख बताया है लेकिन वर्तमान संग्राहकों की संख्या 10 लाख बताया जा रहा है इस दृष्टि से चार लाख संग्राहक गायब कहाँ हुए सरकार जवाब दे। इस प्रकार से आठ हजार मानक बोरा औसत विक्रय मूल्य के मान से तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रदेश में तीन सौ बीस करोड़ रुपये का नुकसान इस वर्ष हुआ है इस नुकसान राशि को प्रदेश सरकार से संग्राहकों को देने की मांग की है।

वहीं गागड़ा ने यह भी बताया है कि सरकार ने फड़ मुंशियों को बारह हजार देने की बात कही थी इस पर भी अमल नही किया गया जिससे फड़ मुंशियों को बीस लाख रुपये का नुकसान इस वर्ष में हुआ है चार सालों में कम मानक बोरा खरीदी के चलते 78 करोड़ के नुकसान हुआ है। साथ ही बीजापुर जिला आदिवासी बहुल क्षेत्र है यहाँ की आय का स्रोत हरा सोना मुख्य साधन है लेकिन सरकार की लापरवाही के चलते जिले में चालीस हजार मानक बोरा कम खरीदी किया गया है जिससे 32 करोड़ का नुकसान जिले के संग्राहकों को हुआ है इस मुख्य विषय पर यहाँ के विधायक अनभिज्ञ बने फड़ मुंशी का कार्य करते घूम रहे हैं विधायक मुख्यमंत्री से चर्चा कर नुकसान राशि संग्राहकों दिलाने पर पहल करे। प्रेस वार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष जी वेंकट,एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष जिलाराम राना,युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फूलचंद गागड़ा मौजूद रहे।

# जन चौपाल में अपर कलेक्टर हुए आम नागरिकों की समस्याओं से रुबरू, मिले 95 आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी एवं छन्नू लाल मारकण्डे ने आज सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित दृष्टि.सभाकक्ष में आयोजित जनचौपाल में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी।





अपर कलेक्टर ने जिले के शहरी सहित दूर-दराज के गांवों से आए नागरिकों से बारी-बारी से आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगए शिकायतों एवं समस्याओं से रुबरु हुए और शीघ्र उनके आवेदनों के निराकरण करने का आश्वासन दिए। आज के जनचौपाल में लगभग 95 आवेदन प्राप्त हुए। जनचौपाल में अपर कलेक्टर के समक्ष ग्राम भुरकी निवासी रुपा गायकवाड़ ने अपने घर के उपर से गुजरने वाले विद्युत तार को हटाये जाने के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम पंचायत चोरभट्ठी के ग्रामवासियों ने ग्राम चोरभट्ठी के आबादी पारा में रघुनाथा यादव के घर से संतोष यादव के घर तक सड़क निर्माण करवाने हेतु आवेदन दिए। ग्राम पंचायत बावामोहतरा के सरपंच ने मनरेगा के तहत गौठान किए गए निर्माण कार्यध्सामग्री की राशि भुगतान करने के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम पंचायत नगपुरा के सरपंच ने शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक स्कूल नगपुरा तक सीसी रोड निर्माण कराने एवं गौठान में मुरुम समतलीकरण करने हेतु स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम पंचायत नारायणपुर के सरपंच ने महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत शास.भूमि पर नया तालाब निर्माण करने के संबंध में आवेदन दिया। इसी तरह ग्राम सोनचिरैया निवासी पालेश्वर साहू ने अपने निजी जमीन पर लगाए गए सागोन की वृक्ष की कटाई के लिए अनुमति प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम पौसरी निवासी चन्द्रहास दोरे ने अपने में बोर मकान में आगजनी होने से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान किए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

ग्राम कंदई निवासी देवा पटेल ने नया राशन कार्ड बनाने हेतु आवेदन दिया। ग्राम झिरिया के किसानों ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना 2022-23 की राशि नहीं मिलने के संबंध में शिकायत की। ग्राम ओटेबंद निवासी संतोष कुमार साहू एवं ग्राम बेतर निवासी ईश्वरी साहू ने बैटरी चलित ट्रायसिकल प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील नवागढ़ के ग्राम खटई के समस्त ग्रामवासियों ने गांव में नया ट्रांसफ ार्मर लगवाने हेतु आवेदन दिए। ग्राम चंदनु निवासी रामकुमार बंजारे ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की राशि दिलाने हेतु आवेदन किया। इसके अलावा सहायता राशि प्रदान करने, सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, लगानी जमीन में रास्ता दिलाने, बंटवारा करवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।

# भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार आदिवासियों के गौरवशाली संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए कर रही हर संभव प्रयास-यू.डी. मिंज

विधायक यू.डी. मिंज ने किया विधानसभा के दूरस्थ क्षेत्र का धुआंधार दौरा, कई गांव के ग्रामीणों को दी देवगुड़ी और सामुदायिक भवन की सौगात

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम चाम्पाटोली,काईकछार, धारेन,हटंगलाता, जुड़वाइन,बरपानी आदि का विधायक एवं संसदीय सचिव यूडी मिंज ने धुंआधार दौरा कर ग्रामीणों को सौगात दी है।

विधायक के आगमन पर ग्रामीणों ने बाजे-गाजे एवं पारंपरिक नृत्य के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विधायक यू.डी. मिंज ने ग्राम चाम्पाटोली, जुड़वाइन में नवनिर्मित देवगुड़ी, हटंकलता और धारेन में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ विधायक मिंज ने ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर उनकी मांगों और समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और मांगों को पूर्ण करने के लिए आश्वासन भी दिए। विधायक एवं संसदीय सचिव यूडी मिंज ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार लगातार आदिवासी क्षेत्रों मे विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। जिसका प्रत्यक्ष फायदा लोगों को मिल रहा है। जिसमें देवगुड़ी निर्माण का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। आदिवासियों के देवी देवता, पेन.पुरखा एवं संस्कृति और सभ्यता को संरक्षित करने देवगुड़ी निर्माण कराया जा रहा है। आदिवासीयों में देवगुड़ी का विशेष महत्व है और सभी प्रकार



के मांगलिक कार्य हर्ष और उल्लास का कार्य मेला सहित सभी पर्व देवगुड़ी की पूजा अराधना से सम्पन्न होता है। इन्हे संरक्षित करके हमें बहुत खुशी मिल रही है। देवगुड़ी का निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रही है। जिसके निर्माण से ग्रामीण आदिवासी में खुशी का लहर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा आदिवासियों की गौरवशाली संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए हर संभव प्रयास कर रहीं है।

आदिवासियों की आस्था और श्रद्धा के केन्द्र देवगुड़ी के जीर्णोद्धार और परिसर के सौन्दर्यीकरण तथा बुनियादी सुविधाओं के विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा देवगुड़ी के विकास के लिए 5 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की जाती है। पहले देव गुड़ियों के मरम्मत के लिए 10 हजार रुपए का प्रावधान था। लेकिन अब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की देवी देवताओं की श्रद्धा भाव को देखते हुए राशि को बढ़ाकर पांच लाख किया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने ऐसे लाभकारी और गांव की जीर्णोद्धार पर विकास होने वाली योजनाओं को लागू नहीं किया। बल्कि उन्होंने अपनी निजी फायदे को ही देखा है। अभी हमारी सरकार ग्रामीण भाई.बहनों के मंशा अनुरुप ही काम कर रही है। उन्होंने राजीव गांधी युवा मितान क्लब में बढ़-चढ़कर भागीदारी और महत्व देने और अधिक संख्या में इसे समूह के माध्यम से बढ़ावा देने के लिए कहा है। इसके माध्यम से लोगों को रोजगार भी प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जशपुर में त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्र 2023.24 में छग राज्य की पॉलीटेक्निक संस्थाओं के डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल ;द्वारा प्रवेश परीक्षा प्री. पॉलिटेक्निक टेस्ट पीपीटी के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट पी पी टी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 18 जून 2023 है।

उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी छग के स्थानीय निवासी एवं अन्य राज्य के निवासी भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन की तिथि, परीक्षा तिथि आदि का अवलोकन वेबसाईट पर किया जा सकता है। पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश नियम का अवलोकन शासकीय पॉलीटेक्निक जशपुर की वेबसाईट पर किया जा सकता है। शासकीय पॉलीटेक्निक जशपुर में कम्प्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मेकेनिकल इंजीनियरिंग में 3.वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है। 2023.24 से अन्य राज्यों के छात्र-छात्रा भी पीपीटी की परीक्षा देकर पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

## झूलबाई को गोबर बेचकर हुआ 64 हजार से अधिक का लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकरात्मक बदलाव ला रही है। जिससे वह आर्थिक रूप से सुदृढ़ होकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में अपनी महती भूमिका निभा रहीं हैं। इसी कड़ी में जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम बुंदेली निवासी झूलबाई ने गोबर बेचकर 64 हजार रूपए कमाए हैं। जिससे उन्होंने दुधारू पशु खरीदकर अपना व्यवसाय में विस्तार किया है। हितग्राही झूल बाई ने बताया कि उन्होंने पहले कभी सोचा ही नहीं था कि गोबर से किसी प्रकार का आर्थिक लाभ होगा। उन्होंने बताया कि उनका



परिवार खेती किसानी के साथ ही पशुपालन व दुग्ध व्यवसाय का भी कार्य करते है। वह पिछले 10 वर्षों से पशुपालन कर रहीं हैं। पहले वह मवेशियों से प्राप्त गोधन का घरेलू कार्यों में उपयोग करती थी परंतु अधिकांशतः गोबर व्यर्थ रह जाता था। जिसका किसी प्रकार का कोई उपयोग नहीं हो पाता था। प्रदेश सरकार की गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर खरीदी प्रारंभ होने से उन्हें अतिरिक्त आय का एक मुख्य जरिया मिल गया।




उन्होंने बताया कि उनके द्वारा बुंदेली गौठान में अब तक 320 क्विंटल से अधिक गोबर बेचकर 64 हजार से अधिक का लाभ प्राप्त किया है। गोबर से अर्जित पैसे का उपयोग उन्होंने अपने व्यवसाय को और अधिक विकसित करने में किया है। इस हेतु अच्छी नस्ल की दुधारू गाय.भैंस की खरीदी, उनके लिए आवश्यक चारे-पानी की व्यवस्था, रख-रखाव हेतु शेड की व्यवस्था सहित अन्य कार्यो में व्यय किया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की गोधन न्याय योजना अत्यंत लाभकारी योजना है। इससे जहां ग्रामीण गोबर बेचकर लाभ कमा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गौठानों में गांव में ही महिलाओं को खाद उत्पादन, सब्जी उत्पादन, केंचुआ उत्पादन, मुर्गी पालन आदि गतिविधियों के संचालन से रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका संवर्धन के साथ ही आर्थिक विकास भी हो रहा है।

## सिद्धबाबा प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित-डॉ. विनोद पांडे

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

नगर के इतिहासकार और शासकीय हाई स्कूल पिपरिया के प्राचार्य डॉ. विनोद पांडे ने सिद्धबाबा धाम में स्थित शिव मंदिर के दर्शन के बाद कहा की इसे प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा की ऐसा माना जाता है की इस पहाड़ पर प्राचीन काल में किसी तपस्वी ने कठोर साधना की थी। इस कारण यह पहाड़ सिद्धबाबा पहाड़ के नाम से जाना जाता है। भगवान शिव का मंदिर होने के कारण महाशिवरात्रि एवं मकर संक्रांति के दिन यहां अंतरराज्यीय मेला लगता है। कुछ दिनों पूर्व तक यह शिव मंदिर जर्जर अवस्था में था लेकिन स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और मंदिर समिति के द्वारा केदारनाथ की



तर्ज पर भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग से मंदिर तक सुगम मार्ग का निर्माण किया जा रहा है जो सिद्ध बाबा समिति के सदस्यों के सराहनीय प्रयास का नतीजा है। रास्ता बन जाने के कारण बच्चे बुजुर्ग भी आसानी से मंदिर तक पहुंच सकते हैं। प्राचीन समय में सिद्धबाबा धार्मिक के साथ-साथ



प्राकृतिक रूप से भी प्रसिद्ध रहा है। पहाड़ में प्राचीन समय में दुर्लभ जड़ी बूटियों जैसे चिरायता, पत्थर चट्टी, चिरचिटा, मजकरैया, ग्वारपाड़ा आदि प्राप्त होता था जो की शरीर को निरोगी रखने में उपयोगी था। विलुप्त होती दुर्लभ जड़ी बूटियों के संरक्षण हेतु हर्बल गार्डन का निर्माण किया जा सकता है वही इस पहाड़ के नीचे उच्च किस्म का कोयला मिलता था। सन 1928 और इस संपूर्ण क्षेत्र को कारीमाटी झगराखाण्ड, के नाम से जाना जाता था। इसी कारण यहां रेलवे लाइन सन 1930, का विस्तार हुआ। कोयला खदान से रियासत को 4: रॉयल्टी मिलती थी। कालांतर में इस क्षेत्र में आग लगने की घटना हुई और तत्कालीन रूलर चीफ द्वारा रेलवे स्टेशन के निकट मनेंद्रगढ़ नगर बसाया गया। कोयला खदान और रेलवे लाइन के निर्माण के पश्चात इस नगर का विकास प्रारंभ हुआ। इसलिए इस प्राचीन मंदिर को ग्राम देवता के रूप में भी स्थानीय लोगों द्वारा माना जाता है। डॉ पांडे ने आगे बताया की भव्य मंदिर निर्माण के बाद यह क्षेत्र एमसीबी जिला ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश की सीमा से लगे होने के कारण वहां के पर्यटकों, स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं के लिये आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## कलेक्टर ने किया ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों के चले रहे प्रथम स्तरीय जॉच कार्यो का निरीक्षण



जोहार छत्तीसगढ़ - कोरिया ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने जिले के ईव्हीएम गोदाम में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के तैयारी के संबंध में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों के चले रहे प्रथम स्तरीय जॉच कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईव्हीएम गोदाम में आयोग द्वारा जारी निर्देशों व मापदण्डों के पालन के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होनें ईव्हीएम गोदाम में समस्त गतिविधि की जानकारी ईसीआईएल हैदराबाद से आए इंजीनियरों से ली, मशीनों में होने वाले मॉकपाल, डम्मी सिम्बॉल लोड की प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कार्य में प्रगति लाने एवं समय पर कार्य पूण करने के निर्देश गये। गौरतलब है कि प्रथम स्तरीय को निर्वाचन आयोग द्वारा निरंतर ऑनलाईन वेबकास्टिग द्वारा निगरानी की जा रही है।

## एक नजर

### कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने प्राकृतिक आपदा प्रकरणों के लिए सहायता राशि स्वीकृत की

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले में प्राकृतिक आपदा से हुए मृत्यु प्रकरण में मृतकों के परिजनों के लिए 4 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की है। इसमें मृतक ग्राम परधियापाली के शोभाराम भोय पिता श्रीमुख, ग्राम गिण्डोला के दीपक बेहरा पिता सौदागर, ग्राम बार के गायत्री नायक पति प्रमोद नायक, ग्राम टिटहीपाली के मनोज सिदार, फुलझरियापारा सारंगढ़ के लाला बरेठा, ग्राम अमलडीहा के चरनलाल, ग्राम बेलाडुला के दुर्गा प्रसाद पिता हलधर पटेल, ग्राम खुरसुला के उत्तम कुमार ठाकुर, ग्राम भोगडीह के लीली निषाद, ग्राम मौहाडीह के मुकेश कुमार पिता छत्तुराम, ग्राम गेड़ापाली के नर्मदा यादव, ग्राम मुड़पार के दिलेन्द्र टंडन, ग्राम भोथीडीह के बाबुलाल रात्रे, ग्राम गिरसा के छत्रपाल यादव और गुलाबचंद केंवट, ग्राम बेलटिकरी के संध्या साहू, ग्राम पहन्दा के हरिश सिंह सिदार, रेंजरपारा सारंगढ़ के लेखराम अजगल्ले, ग्राम रामटेक के निराकार साहू और ग्राम बरभाठा के किरण भारती के प्रकरण शामिल है। सहायता राशि का भुगतान संबंधित परिजन के बैंक खाते में डीबीटी माध्यम से किया जाता है।

### कोविड-19 प्रकरणों के लिए कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सहायता राशि स्वीकृत की

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले में कोरोना के मृतकों के परिजनों के लिए 50 हजार रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की है। इसमें मृतक ग्राम घाना के जुड़ावन पिता खुडहू, ग्राम नकटीडीह के उजागर साहू पिता बुधराम और ग्राम गोबरा के अंगदराम डहरे पिता भगतराम के नाम शामिल हैं। सहायता राशि का भुगतान संबंधित परिजन के बैंक खाते में डीबीटी माध्यम से किया जाता है।

### नगर पंचायत धरमजयगढ़ एवं घरघोड़ा में सम्मिलन बुलाये जाने अथवा सम्मिलन में अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न कराये जाने हेतु पीठासीन अधिकारी नियुक्त

कलेक्टर सिन्हा ने जारी किया आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (यथा संशोधित 2019) की धारा 55 (2)के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत घरघोड़ा एवं नगर पंचायत धरमजयगढ़ के सम्मिलन बुलाये जाने/ सम्मिलन में अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न कराये जाने हेतु पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। जिनमें नगर पंचायत घरघोड़ा के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) ऋषा ठाकुर एवं नगर पंचायत धरमजयगढ़ के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डिगेश पटेल को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### अनुविभाग रायगढ़ में 3 लोगों की प्राकृतिक आपदा से असामयिक मृत्यु, वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत तीन लोगों की प्राकृतिक आपदा के तहत असामयिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात एसडीएम रायगढ़ द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान अनुसार मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रूपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील पुसौर अंतर्गत ग्राम-रैबार निवासी तेजस्वनी भारद्वाज एवं ओमनी भारद्वाज की 15 सितम्बर 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता लोमश नारायण को 4-4 लाख रुपये एवं तहसील पुसौर अंतर्गत ग्राम-बुनगा निवासी दुष्यंत मैत्री की 12 अगस्त 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर गुड्डी मैत्री को 4 लाख रूपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### अनुसूचित जनजाति वर्ग ऋण हेतु 30 जून तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राष्ट्रीय अन्य अनुसूचित जनजाति वर्ग वित्त एवं विकास निगम की योजना में अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों हेतु जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वरोजगार (कृषि क्षेत्र)हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदक कार्यालय कलेक्टर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 94 में आवेदन प्राप्त कर 30 जून 2023 को शाम 5.30 बजे तक जमा कर सकते है। आवेदन की फोटोकापी, आवेदन में कांट-छांट, ओवर राईटिंग इत्यादि स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**नियम व शर्ते**- आवेदक संबंधित जाति वर्ग का हो एवं रायगढ़ जिले का मूल निवासी हो। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम एवं 50 वर्ष से अधिक न हो। आवेदक की आय 3 लाख से अधिक न हो। जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी हो एवं पूर्व में ऋण अथवा अनुदान नहीं लिया है का शपथ पत्र देना होगा।

## सैला गौठान में नियमित रूप से हो रही गोबर खरीदी

गौठान में 510.90 क्विंटल खाद का उत्पादन एवं 452.30 क्विंटल वर्मी खाद का किया विक्रय

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



विकासखंड पाली के सैला गौठान में नियमित रूप से गोबर की खरीदी की जा रही है। गौठान में कार्यरत उजाला स्व सहायता समूह द्वारा योजना प्रारंभ से लेकर अब तक 510.90 क्विंटल वर्मी खाद का उत्पादन किया गया है। जिससे 452.30 क्विंटल वर्मी खाद का विक्रय किया जा चुका है। जिससे 1 लाख 77 हजार 301 रुपए की आय अर्जित किया गया है। सीईओ जनपद पंचायत पाली ने सैला गौठान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गौठान में प्रतिदिवस किसानों एवं पशुपालकों से 2 से 3 क्विंटल गोबर क्रय किया जा रहा है। ग्रीष्म काल में फसल नहीं होने के कारण मवेशी गौठान में नहीं आ रहे हैं। गौठान में चारा एवं पानी की सुविधा उपलब्ध है। गौठान में निर्मित कोटना के ऊपर लकड़ी व बांस से अस्थाई शेड बनाया गया था। जो आंधी तूफान से गिर गया है। साथ ही गोबर खरीदी हेतु स्थायी शेड तैयार किया गया है, जिसमें नियमित रूप से गोबर खरीदी किया जा रहा है। सैला गौठान में नियमित रूप से गोबर की खरीदी एवं वर्मी खाद छनाई व विक्रय करते हुए महिला समूह के आय में वृद्धि हुई है।



## शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों का बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़ - कोरिया।

शिक्षा सत्र 2023- 24 का शुभारंभ 16 जून 2023 से होने जा रहा है। प्रवेश उत्सव सभी स्कूलों में धूमधाम से मनाने हेतु विकासखंड खडगवां अंतर्गत सभी प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों का आवश्यक बैठक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल चिरमिरी के सभा कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक के मुख्य अतिथि बी सिंह मरकाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चिरमिरी ,नगर निगम आयुक्त लवीना पाण्डेय मैडम की गरिमामयी उपस्थिति रही।




एमसीबी जिला कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा के निर्देशन में सभी संस्थाओं में प्रवेश उत्सव धूमधाम से आयोजित होना है ।उनके निर्देशानुसार सभी संस्थाओं में संस्था खुलने से पूर्व आवश्यक तैयारी हेतु दिशा निर्देश दिये गये है ।16 जून को नव प्रवेशी बच्चों को रोली तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया जाना है। इस उत्सव में स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, पंच, सरपंच ,शहरी क्षेत्रों में महापौर ,पार्षद गण के साथ-साथ शाला विकास समिति. के सदस्य, भूतपूर्व बच्चे रिटायर्ड शिक्षक, रिटायर्ड अधिकारी कर्मचारीगण, अंगना में शिक्षा में जुड़े माताओं ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गण स्वास्थ्य कार्यकर्ता, महिला समूह के सदस्य विद्यांजलि कार्यक्रम के तहत विद्यालय को सहयोग देने के इच्छुक व्यक्ति एवं पालक गणों को सादर आमंत्रित करना है।

इस बैठक में विकास खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा कलेक्टर एम सी बी एवं जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा के द्वारा दिये गये निर्देशो से प्रधान पाठकों को अवगत कराया गया। सभी प्रधान पाठक बड़े उत्साह के साथ सकारात्मक सोच के स्कूलों में जाकर कार्य करने हेतु अपनी सहमति व्यक्त की।



**सहा.लेखा अधिकारी रविकांत अग्रवाल का तानाशाही रवैये से सभी कर्मचारियों परेशान**

# हड़ताल के 4 दिन सरपंच पहुंचे मनाने सचिवों को सचिव अपनी मांगों पर अड़े रहे

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



सक्ती जनपद पंचायत के सचिव संघ 9 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर कलेक्टर कार्यालय के सामने बैठे हुए हैं उनका कहना है जब तक सक्ती जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जागेन्द्र कुमार साहू एवं सहा.लेखा अधिकारी विकांत अग्रवाल का ट्रांसफर नहीं हो जाता एवं हमारी मांगे हो पूर्ण नहीं होती तब तक हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे जनपद पंचायत सक्ती के अंतर्गत पदस्थ पंचायत सचिवों के द्वारा सहा लेखा अधिकारी रविकांत के द्वारा हमेशा प्रताड़ित किया जाता है तथा इन दोनों अधिकारियों के व्यवहार से सभी सचिव मानसिक शारिरीक एवं आर्थिक रूप से हमेशा प्रताड़ित हो रहे है। इसलिए इन अधिकारियों का यहां से ट्रांसफर होना चाहिए होना। एवं हमारी उचित मांगों पर प्रशासन को संज्ञान में लेना है तभी हम हड़ताल को वापस लेंगे अंता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। अधिकारी के द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अपमान जनक शब्दो का प्रयोग सीईओ के द्वारा किया जाता हैं। हमेशा निलम्बन एवं वेतन नही देने की धमकी दी जाती है इनके द्वारा पूर्व में बिना किसी दोष के शासन के नियम विरूद्ध कई सचिवों को निलंबित तथा स्थानांतरण किया गया है। पंचायत सचिव उर्मिला जायसवाल,बोधराम केंवट,सुखीराम राठौर, विशाल सिंह कवंर संतोष कुमार चौहान को बिना कारण दोष, जांच के निलंबन किया गया है जिसे यथाशीघ्र बहाल किया जावें। जनपद पंचायत सक्ती में पदस्थ सचिवों को पर्याप्त कारण औचित्यमय शासन के नियम विरूध्द स्थानांतरण किया गया है। पंचायत सचिव सुकृता कवर ग्राम पंचायत बोकरामुडा जनपद पंचायत सक्ती से जनपद पंचायत जैजैपुर,महेशराम केवट ग्राम पंचायत परसाकला से भद्रीपाली, विजय कुमार बरेठ को ग्राम पंचायत भद्रीपाली से ग्राम पंचायत परसदाकला स्थानांतरित किया गया है।

जिसे यथावत ग्राम पंचायत में पदस्थ किया जावे। जिला पंचायत से प्राप्त आबंटन के पश्चात लेखा अधिकारी अग्रवाल के द्वारा सचिवों को वेतन भुगतान समय पर नहीं किया जाता है साथ ही शासन के आदेश का पालन न करते हुए सर्विस बुक सत्यापन, स्थायी यात्रा भत्ता गृह भांडा भत्ता नहीं दिया जा रहा और पूछे जाने पर अभद्र व्यवहार करते हुये राशि की मांग की जाती है जबकि अन्य जनपद, जिला में भत्ता दिया जा रहा है। कलेक्टर से किया अनुरोध है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सक्ती एवं सहा.लेखा अधिकारी जनपद पंचायत सक्ती द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए सचिवों को बिना कारण गलत ढंग से निलंबित,स्थानांतरण करना एवं अभद्र व्यवहार, समय पर वेतन भत्ता न देने के कारण इन दोनो अधिकारीयों को स्थानांतरण अन्यंत्र किया जावे 9 जून से काम बंद कलम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की है सचिव संघ अध्यक्ष संतोष चौहान,उपाध्यक्ष रुखमणी राठौर, सह सचिव कन्हैया सिदार कोषाध्यक्ष विनोद कुमार बरेठ,उप कोषाध्यक्ष कौशिल्या डेंसिल,मिडिया प्रभारी सुरेन्द्र गबेल,सदस्यगण मिथलेश जायसवाल,रेशम सिदार,फिरतदास महंत, घासीराम साहू,दुर्गाचरण जायसवाल,सम्पत सिदार, लखन कर्ष,मालिकराम ,खेमचरण राठौर,राजकुमार यादव,चन्दूलाल साहू।

## एक नजर

### शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर में नवीन सत्र के लिए चयन प्रक्रिया 26 से

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित कन्या क्रीड़ा परिसर में नवीन सत्र 2023-24 के लिए आदिवासी एवं अनुसूचित जाति के उत्कृष्ट खिलाड़ी छात्राओं का प्रारंभिक चयन 26 जून से 28 जून तक कन्या क्रीड़ा परिसर धरमजयगढ़ के मैदान पर आयोजित होगी। जिसमें प्रवेश हेतु छात्राओं को कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत होना चाहिए। माध्यमिक स्तर तक अधिकतम आयु 14 वर्ष हो। उच्चतर माध्यमिक स्तर तक अधिकतम आयु 18 वर्ष हो। एक ही कक्षा में लगातार 2 वर्षों तक अनुत्तीर्ण न हो। प्रवेश के लिए जिले या क्षेत्र का कोई बंधन नहीं है। आवेदन पत्र के साथ अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति,जाति प्रमाण पत्र,खेलकूद प्रमाण पत्र के साथ 26 जून से 28 जून तक समय 8ः30 प्रातः अभिभावक के साथ शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर धरमजयगढ़ में उपस्थित होना है। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन पत्र कार्यालय शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर धरमजयगढ़ में 15 जून से 28 जून तक प्राप्त किया जा सकता है। बैटरी टेस्ट 10 प्रकार के होंगे जो व्यायाम शिक्षकों द्वारा लिया जाएगा। जिसमें दौड़, उछाल परीक्षण, शटल रन, स्फूर्तिदायक परीक्षण, शक्ति परीक्षण, अपर बाड़ी बेंडिंग, पुशअप, लेग रेंजिंग, शीट अप शामिल है। प्रवेशित छात्राओं को कन्या क्रीड़ा परिसर छात्रावास में निवास करना अनिवार्य होगा। जिसमें छात्राओं को 15 सौ रुपए प्रतिमाह की दर से शिष्यावृत्ति, प्रतिवर्ष गणवेश सुविधा, प्रतिवर्ष स्पोर्ट्स कीट्स सहित परिसर में हाकी, नेटबॉल, बालीबाल, हैंडबाल एवं एथलेटिक्स विधाएं संचालित है।

### जनहानि के 2 मामलों में प्रभावित परिजनों हेतु 8 लाख की राशि हुई स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 2 मामलों में प्रभावित परिजनों हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 8 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जिसके अंतर्गत पत्थलगांव तहसील के ग्राम घोघरा निवासी मृतक स्व. राजाराम की सर्पदंश से 22 मई 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी सुखमनी हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार सन्ना विकासखण्ड के ग्राम मुढ़ी, निवासी मृतक स्व.जनक साय का आकाशीय बिजली से 21 अप्रैल 2020 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के माता अनमनी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

### पैसे के लेन देन को लेकर युवक से मारपीट

**रायपुर** । पैसे के लेन देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सौरव तोलानी 20 वर्ष महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी करण पिंजानी 24 वर्ष ने पैसे के लेन-देन के लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर** । तेलीबांधा स्थित बेबीलॉन केपिटल के पार्किंग में दो युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सेवकराम साहहू 43 वर्ष आमासिवनी विधानसभा का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात बेबीलॉन केपिटल के पार्किंग में पुरानी रंजिश के चलते आरोपी विक्की साहु व पुरूषोत्तमू साहू ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक पर नुकीली चीज से हमला

**रायपुर।** सरोना नया बाजार चौक के पास अज्ञात लड़कों ने एक युवक के बाइक में तोड़फोड़ कर मारपीट किए और नुकीली चीज से जांघ पर हमला कर घायल कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गौरव वर्मा 23 वर्ष डिपरापारा रायपुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल दोपहर सरोना नया बाजार चौक के पास अज्ञात कुछ लड़कों ने प्रार्थी के बाइक में तोड़फोड़ किया। जिससे प्रार्थी ने मना किया तो आरोपियों ने प्रार्थी से मारपीट कर नुकीली चीज से जांघ पर हमला कर चोट पहुंचाया।

## ठेकेदार ने तालाब से लाल मुरुम उत्खनन कर अपने मनमर्जी का खुलेआम राज चला रहा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टेमरी के तालाब से लाल मुरुम धड़ल्ले से ठेकेदार द्वारा खुलेआम निकाला जा रहा है। आपको बता दे की उनकी गहराई लगभग 25 से 30 फीट गहरा भी हो चुका है जिसमें कभी भी किसीप्रकार का घटना घट सकती है लेकिन ठेकेदार को ना माइनिंग विभाग का डर है ना ही राजस्व विभाग का डर है। जिसमें धड़ल्ले से तालाब में खनन कर खनिज विभाग व राजस्व विभाग कों कई लाखो रुपये का चुना लगाकर अपने मनमर्जी राज ठेकेदार द्वारा खुलेआम चलाया जा रहा है। तो इसी दौरान दैनिक जोहार छत्तीसगढ़ के सवांददाता ने खबर संलग्न करने पहुंचा तो इसी दौरान बेमेतरा के खनिज निरिक्षक राकेश वर्मा को फोन से अवगत कराने पर कहा मैं अभी दूसरे जगह आ गया हू जांच कर कार्यवाही करूंगा। लेकिन कई बार खनिज विभाग कों अवैध उत्खनन का अवगत कराने में जांच का आशवासन देते तो जरूर है। लेकिन जांच करने भी नहीं आते इस बार देखना ये है की क्या अपने बातों में खनिज निरीक्षक अधिकारी सफल हो पाते है या नहीं। इनके चलते ठेकेदार का हौसला बुलंद होते जा रहे है। और सोचने व देखने वाले यह बात है की कभी भी किसी भी प्रकार का घटना घट सकती है। अब देखना यह होगा की खनिज विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग के अधिकारी ने क्या अपने सज्ञान में लेकर क्या कार्यवाही की जाती है। अब देखना होगा की आखिर खबर प्रकाशन के बाद कार्रवाई हो पाते है या नहीं। खबर अभी बाकी है अगले अंचलित में प्रकाशित की जाएगी ।




## नगर पंचायत धरमजयगढ़ अध्यक्ष निर्वाचन के लिए डिगेश पटेल पीठासीन अधिकारी नियुक्त

### जल्द होगा सम्मिलन, फिर अध्यक्ष बन सकती है तरुणश्याम साहू

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



पिछले तीन महीनों से नगर पंचायत धरमजयगढ़ में अध्यक्ष की कुर्सी पर चेहरे बदल रहे हैं। इसी बीच फिर निर्वाचन के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसमें नगर पंचायत धरमजयगढ़ अध्यक्ष निर्वाचन के लिए सम्मिलन कराने पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई। कलेक्टर रायगढ़ द्वारा सम्मिलन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ डिगेश पटेल को पीठासीन अधिकारी बनाया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961,यथा संशोधित 2019, की धारा 55 (2), अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत धरमजयगढ़ में सम्मिलन बुलाए जाने एवं अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न कराने पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति किया जाता है। बता दें कि नगर पंचायत धरमजयगढ़ अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद उपाध्यक्ष टारजन भारती अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। जिसके बाद छत्तीसगढ़ शासन नगरीय निकाय द्वारा पार्षद भावना जेठवानी को कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप नियुक्त किया गया था। जिन्होंने पदभार संभाल लिया था। लेकिन अब फिर निर्वाचन प्रक्रिया की घोषणा हो गई है। भावना जेठवानी के कार्यवाहक अध्यक्ष बनाने को लेकर उपाध्यक्ष टारजन भारती ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। जिस पर आज सुनवाई होनी है। लेकिन उससे पहले निर्वाचन प्रक्रिया शुरू कर दी गई। टारजन भारती द्वारा दायर याचिका विरुद्ध सचिव नगरीय प्रशासन, कलेक्टर रायगढ़, एसडीएम धरमजयगढ़, सीएमओ धरमजयगढ़ एवं पार्षद भावना जेठवानी को पार्टी बनाया गया है। खैर फैसला जो भी आए अब निर्वाचन होना तय हो गया है। जानकारों की मानें तो तरुणश्याम साहू पुनः निर्विरोध अध्यक्ष बनेंगी। क्योंकि नगर पंचायत अध्यक्ष का सीट पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित है और पूरे वार्डों में एक मात्र पिछड़ा वर्ग महिला तरुणश्याम साहू चुन कर आई है।

## एथेनॉल प्लांट के विरोध में फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

### कलेक्टोरेट में किया जोरदार प्रदर्शन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के समीप आरंग विधानसभा क्षेत्र में एथेनाल प्लांट लगाए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने सोमवार को रायपुर कलेक्टर ऑफिस के सामने जोरदार प्रदर्शन किया. ग्रामीणों का कहना है कि एथेनॉल प्लांट के निर्माण से इलाके में प्रदूषण बढ़ जाएगा।

आरंग जनपद पंचायत के ग्राम संडी से लगभग 400 ग्रामीण तीन से चार बसों के जरिए राजधानी पहुंचे थे. ग्राम पंचायत द्वारा फर्जी ग्राम सभा कर NOC देने का आरोप लगाया.




कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपने वाले ग्रामीणों का

कहना है कि एथेनॉल प्लांट के निर्माण से ग्रामीण इलाके में प्रदूषण बढ़ेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि आरंग के संडी में कैमिकल फैक्ट्री एथेनॉल का प्लांट विरोध कर रहे हैं. प्लांट लगने से पर्यावरण के साथ मानव जीवन पर दुष्प्रभाव पड़ेगा. यही नहीं जिस जगह में प्लांट लगा रहे हैं, वह दो फसली व सींचित जमीन है. इसके अलावा 20 से 30 हजार की आबादी प्रदूषण से प्रभावित होगी.

## ठेकेदार ने तालाब से लाल मुरुम उत्खनन कर अपने मनमर्जी का खुलेआम राज चला रहा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टेमरी के तालाब से लाल मुरुम धड़ल्ले से ठेकेदार द्वारा खुलेआम निकाला जा रहा है। आपको बता दे की उनकी गहराई लगभग 25 से 30 फीट गहरा भी हो चुका है जिसमें कभी भी किसीप्रकार का घटना घट सकती है लेकिन ठेकेदार को ना माइनिंग विभाग का डर है ना ही राजस्व विभाग का डर है। जिसमें धड़ल्ले से तालाब में खनन कर खनिज विभाग व राजस्व विभाग कों कई लाखो रुपये का चुना लगाकर अपने मनमर्जी राज ठेकेदार द्वारा खुलेआम चलाया जा रहा है। तो इसी दौरान दैनिक जोहार छत्तीसगढ़ के सवांददाता ने खबर संलग्न करने पहुंचा तो इसी दौरान बेमेतरा के खनिज निरिक्षक राकेश वर्मा को फोन से अवगत कराने पर कहा मैं अभी दूसरे जगह आ गया हू जांच कर कार्यवाही करूंगा। लेकिन कई बार खनिज विभाग कों अवैध उत्खनन का अवगत कराने में जांच का आशवासन देते तो जरूर है। लेकिन जांच करने भी नहीं आते इस बार देखना ये है की क्या अपने बातों में खनिज निरीक्षक अधिकारी सफल हो पाते है या नहीं। इनके चलते ठेकेदार का हौसला बुलंद होते जा रहे है। और सोचने व देखने वाले यह बात है की कभी भी किसी भी प्रकार का घटना घट सकती है। अब देखना यह होगा की खनिज विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग के अधिकारी ने क्या अपने सज्ञान में लेकर क्या कार्यवाही की जाती है। अब देखना होगा की आखिर खबर प्रकाशन के बाद कार्रवाई हो पाते है या नहीं। खबर अभी बाकी है अगले अंचलित में प्रकाशित की जाएगी ।

## ठेकेदार ने आनन-फानन में गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण को भाजपाइयों ने पहुंच कर रुकवाया

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

**ग्राम पंचायत मंगोरा मे मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के द्वारा स्वीकृत सड़क का निर्माण किए बगैर ही ठेकेदार, इंजीनियर, अधिकारियों के द्वारा राशि आहरण किये जाने का मामला सार्वजनिक होने के बाद ठेकेदार द्वारा ग्राम मंगोरा में आनन फानन में गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण को भाजपाइयों ने पहुंच कर रुकवाया।**

ज्ञात हो की जनपद पंचायत खड़गवां के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगोरा में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजनांतर्गत मेसर्स ज्योति केसरवानी को बबलू घर से प्राइमरी स्कूल मंगोरा तक 18.82 लाख राशि का अप्रोच रोड बनाने का टेंडर आईडी सीजीआर 18900, इसके साथ ही मेसर्स नमन फ्लाई ऐश ब्रिकस इंडस्ट्रीज को प्राईमरी स्कूल पटपरिहा मंगोरा में एप्रोच रोड लागत राशि 17.61 लाख टेंडर आईडी सीजीईआर 19048 प्राप्त हुआ था। उपरोक्त दोनों ही ठेकेदारों को सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत संपूर्ण राशि का भुगतान विभाग बीते वर्ष ही बिना भौतिक सत्यापन किए प्रदान कर दिया गया। लेकिन ग्राम पंचायत मंगोरा में एक ही सड़क का निर्माण कराया जा कर दूसरे सड़क की राशि बिना सड़क निर्माण कराए ही आहरण कर लिया गया है। इस तरह से ठेकेदार, इंजीनियर व संबंधित अधिकारियों के द्वारा मिलकर धोखाधड़ एवं फर्जी कार्य दिखाकर राशि का आहरण कर लिया गया है। इस पूरे मामले की खबरे अखबारों और मीडिया में प्रकाशित होने के बाद ठेकेदार के द्वारा आनन फानन में ग्राम मंगोरा में विगत 3 दिवस पूर्व रोड़ निर्माण का 40 एमएम गिट्टी, डस्ट, राखड़ और खराब सिमेंट से एक वर्ष पूर्व जिस सड़क का भुगतान किया गया था उसका निर्माण किया जा रहा है। जो कि पूर्ण रूप से निर्धारित मानको के विपरीत गुणवत्ता विहीन ही कराया जा रहा है। जिसकी सूचना मिलने पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, जनपद अध्यक्ष सोनमती उर्रे, भाजपा जिला मंत्री अरुणोदय पाण्डेय, भाजयुमो जिला प्रभारी गोमती दिवेदी, भाजपा खड़गवां मंडल अध्यक्ष रामलाल साहू, महामंत्री धरमपाल सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामिणजनो द्वारा दिनांक 11 जून 2023 को मौके पर पहुंच कर जांच की मांग कर धरने पर बैठे गए। जिसके बाद खड़गवां एसडीएम ने तहसीलदार खड़गवां खलखो को मौके पर भेजकर पंचनामा बनाकर जांच होने तक कार्य रोकने का आदेश दिया गया था। लेकिन 11 जून की रात्रि में ही ठेकेदारा द्वारा पुनः कार्य करने का काम किया गया। इस पूरे मामले में भाजपाइयों का कहना है की यह अपने आप में अभी तक की पहली घटना है जिसमे बिना कार्य किए राशि प्राप्त कर ली गई हो। इस तरह का कृत्य पर त्वरित जांच कर सभी के ऊपर एफआईआर दर्ज किया जाना चाहिए। साथ ही निर्धारित मापदंडों के हिसाब से सड़क का पुनः निर्माण कराए जाने की मांग की गई। इस मामले पर भाजपा ने कलेक्टर एमसीबी नरेंद्र दुग्गा को ज्ञापन सौंपकर मांग किया है की शासन के साथ हो रहे इस प्रकार के धोखाधड़ी के कार्य पर त्वरित जांच कराया जाकर संबंधित ठेकेदार सहित विभागीय इंजीनियर व अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कराया जाये अन्यथा ठेकेदारों और अधिकारियों के हौसले इस तरह के भ्रष्टाचार के लिए और भी ज्यादा बुलंद होंगे।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in